R.N.I. : UPHIN/2012/52437
Website : www.mantrabharat.com
संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 134
पृष्ठ : 8
मूल्य : 1.00
बुधवार, 21 जनवरी, 2026

जुनून है सच लिखने का

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

डाक पंजीयन संख्या : एल-2/9/रजि0/एडी0/119/15-17

प्रयागराज, लखनऊ, ग्वालियर एवं मुम्बई से एक साथ प्रकाशित एवं प्रतापगढ़, कौशाम्बी, भदोही, मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़ व गोरखपुर से प्रसारित



3 प्रयागराज विकास प्रधिकरण की नजूल भूमि हुआ ... 5 सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग सुधार को ... 7 'लव एंड वॉर' के सेट से लीक हुआ रणबीर ...

## नितिन नबीन आज से मेरे बॉस, पीएम मोदी बोले - हमारे यहां अध्यक्ष बदलते हैं, लेकिन आदर्श नहीं

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के इतिहास में मंगलवार का दिन एक नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आया। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में नितिन नबीन ने औपचारिक रूप से दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल नबीन को बधाई दी, बल्कि अपनी सादगी और पार्टी के प्रति समर्पण से सबका दिल जीत लिया।

बीजेपी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने पर नवीन को बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मैं नितिन नवीन को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का अध्यक्ष बनने पर बधाई देता हूं। जब पार्टी की बात आती है, तो नितिन नवीन मेरे बॉस हैं और मैं एक पार्टी कार्यकर्ता हूं।' उनकी इस बात पर दर्शकों ने ज़ोरदार तालियां बजाईं।

पीएम मोदी ने देश भर में कई महीनों से चल रही व्यापक आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बीजेपी के संविधान का सख्ती से पालन करते हुए जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष संगठनात्मक पद तक नेताओं का चुनाव शामिल है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अब औपचारिक रूप से पूरी हो गई है और यह पार्टी के मजबूत लोकतांत्रिक मूल्यों, अनुशासन और कार्यकर्ता-प्रथम दर्शन का प्रमाण है। उन्होंने इस प्रक्रिया में शामिल लाखों पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, 'यह भव्य संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया भारतीय जनता पार्टी की लोकतांत्रिक आस्था, संगठनात्मक अनुशासन और कार्यकर्ता-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रतीक है।'



पीएम मोदी ने आगे इस बात पर ज़ोर दिया कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व मॉडल अपनी विरासत और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से ताकत हासिल करता है। उन्होंने कहा, 'मैं इस प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए देश भर के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं... हमारा नेतृत्व परंपरा से निर्देशित है, अनुभव से समृद्ध है, और जनसेवा और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ संगठन को आगे बढ़ाता है।'

प्रधानमंत्री ने पार्टी के ऐतिहासिक उदय को याद किया। उन्होंने कहा, 'अटल जी, आडवाणी जी और मुरली मनोहर जोशी जी के नेतृत्व में, बीजेपी ने शून्य से शिखर तक का सफर देखा। इस सफर में, वेंकैया नायडू जी और नितिन गडकरी जी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संगठन का विस्तार किया।

राजनाथ जी के नेतृत्व में, बीजेपी को पहली बार अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिला। फिर अमित भाई के नेतृत्व में, बीजेपी ने कई राज्यों में सरकारें बनाईं और केंद्र में लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल की। जेपी नड्डा जी के नेतृत्व में, बीजेपी पंचायत से लेकर संसद तक मज़बूत हुई और तीसरी बार सत्ता में लौटी। मैं बीजेपी के सभी पूर्व अध्यक्षों को सलाम करता हूँ।'

## मनरेगा को कमजोर कर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रहे हैं पीएम मोदी : राहुल

रायबरेली **(एजेंसी)**। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सत्ता का केंद्रीकरण करने और गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर कर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रही है। अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर उसका 'अपमान' किया है और इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने हाशिए पर पड़े लोगों को दी जाने वाली सुरक्षा वापस ले ली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार का यह कदम लोकतंत्र की जड़ों पर हमला है।



गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सत्ता अपने हाथ में लेना चाहते हैं और गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मनरेगा को बचाने के लिए आंदोलन कर रही है। हम मजदूरों के साथ खड़े हैं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।' गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी देश की संपत्ति को उद्योगपति गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी के हाथों में केंद्रित करना चाहते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया, "एक तरफ हम जनता की रक्षा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सारी संपत्ति को कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में दे रहे हैं।" संसद ने 18 दिसंबर, 2025 को विकसित भारत-रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) विधेयक पारित किया था, जो संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के शासनकाल के मनरेगा का स्थान लेगा।

## आवारा कुत्ते केस में मेनका गांधी की अजमल कसाब से तुलना, सुप्रीम कोर्ट बोला- उसने भी अवमानना नहीं की

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू करने से परहेज किया, जिन्होंने आवारा कुत्तों के प्रबंधन से संबंधित उसके आदेशों की आलोचना की थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारी की बेंच ने कहा कि पूर्व मंत्री ने हर तरह की टिप्पणियां की हैं और अदालत की अवमानना की है। बेंच ने उदारता दिखाते हुए कहा कि वह अवमानना की कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। न्याय मूर्ति मेहता ने मेनका गांधी के वकील से यह भी पूछा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या को खत्म करने के लिए बजट में कितना आवंटन कराने में मदद की थी। मेनका गांधी ने अभी तक इन टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



पीठ ने कहा कि कुत्तों को खाना खिलाने वालों को जवाबदेह ठहराने वाली उनकी टिप्पणी - जिसकी कुछ हलकों से आलोचना हुई - व्यंग्यपूर्ण नहीं बल्कि गंभीर थी। 13 जनवरी को ही सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि वह राज्यों को कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए 'भारी मुआवजा' देने का आदेश देगा और ऐसे मामलों में कुत्तों को खाना खिलाने वालों को जवाबदेह ठहराएगा। गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन से पूछताछ करते हुए पीठ ने कथित तौर पर कहा आपने कहा कि अदालत को टिप्पणी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए; लेकिन क्या आपने अपनी मुवक्किल से पूछा है कि उन्होंने किस तरह की टिप्पणियां की हैं?... उन्होंने बिना सोचे-समझे सबके खिलाफ तरह-तरह की टिप्पणियां की हैं। क्या आपने उनकी बॉडी लैंग्वेज देखी है? रामचंद्रन ने जवाब दिया कि वह आतंकवादी अजमल कसाब की ओर से भी पेश हो चुके हैं और बजट आवंटन एक नीतिगत मामला है। न्यायमूर्ति नाथ ने टिप्पणी की, अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की, लेकिन आपके मुवक्किल ने की है। इस रिपोर्ट के लिखे जाने तक मामले की सुनवाई जारी थी। अदालत ने पिछले पांच वर्षों से आवारा पशुओं से संबंधित नियमों के लागू न होने पर भी चिंता जताई।

## पीएम मोदी के 'बॉस' वाले बयान पर कांग्रेस का पलटवार, कहा- भाजपा में 'बिग बॉस' का खेल चल रहा है

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बयान पर कि नितिन नबीन अब पार्टी मामलों में उनके 'बॉस' हैं को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने तंज कसा है। पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा और आरएसएस आपस में खेल खेलते रह सकते हैं। कभी (आरएसएस प्रमुख) मोहन भगवत किसी के बॉस बनते हैं, कभी मोदी किसी के बॉस बनते हैं। उन्होंने लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' का जिक्र करते हुए आगे कहा, 'क्या यहां बिग बॉस का खेल खेला जा रहा है?' दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में खेड़ा से इस घटनाक्रम के बारे में पूछा गया, जहां उन्होंने कहा, 'चुनाव कहां है? इसे चुनाव क्यों कहते हैं? पहले राष्ट्रपति की घोषणा करते हैं, फिर कहते हैं कि चुनाव होगा, और फिर कोई चुनाव होता ही नहीं।' पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार अब इस्तीफा देना चाहते हैं क्योंकि भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में उनकी कोई भूमिका नहीं रही और चुनाव को "प्रभावित करने का" का मौका भी नहीं मिला। नितिन नवीन को मंगलवार को औपचारिक रूप से भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। उन्होंने जेपी नड्डा का स्थान लिया है।

## दावोस के मंच से सीएम हिमंता का ऐलान, 'वैश्विक निवेशक के लिए असम बना नया ग्रोथ इंजन'

गुवाहाटी **(एजेंसी)**। दावोस में आयोजित 56वें विश्व आर्थिक मंच में असम ने पहली बार भाग लिया और खुद को भारत के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्य और हरित ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और पर्यटन निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित किया। दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने उनसे 'उभरते राज्य और उभरती अर्थव्यवस्था' में निवेश करने का आग्रह किया। मंच के दौरान एएनआई से बातचीत में सरमा ने कहा कि असम पहली बार दावोस में विश्व आर्थिक मंच में भाग ले रहा है। हम यह संदेश देना चाहते हैं कि असम अब एक उभरता हुआ राज्य और उभरती अर्थव्यवस्था है। जब आप भारत में निवेश करने के बारे में सोच रहे हों, तो आप असम को एक संभावित गंतव्य के रूप में विचार कर सकते हैं। असम अब आधिकारिक तौर पर देश का सबसे तेजी से विकसित हो रहा राज्य है। असम पहली बार दावोस विश्व आर्थिक मंच में भाग ले रहा है, जिसका उद्देश्य यह संकेत देना है कि यह भारत के भीतर एक उभरती अर्थव्यवस्था और एक व्यवहार्य निवेश गंतव्य है। आरबीआई के हालिया आंकड़ों के अनुसार, राज्य अब देश में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक ने आंकड़े जारी किए हैं, और यह स्पष्ट रूप से स्थापित है कि असम तेजी से विकास कर रहा है, और हम इस मामले में शीर्ष पर हैं। ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से लोग भारत में निवेश करना चाहेंगे। कल ही, आईएमएफ ने भारत के विकास अनुमान को 7 प्रतिशत से ऊपर संशोधित किया है। भारत के भीतर, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि लोग विभिन्न राज्यों, विभिन्न क्षेत्रों की ओर रुख करें और उन क्षेत्रों की क्षमता का भी दोहन करें। मुझे लगता है कि असम निवेश के लिए एक अच्छा मंच प्रदान कर सकता है। आईएमएफ ने भारत के विकास अनुमान को 7 प्रतिशत से ऊपर संशोधित किया है। भारत के भीतर, अब समय आ गया है कि निवेशक पारंपरिक केंद्रों से परे देखें और असम जैसे विविध क्षेत्रों का पता लगाएं। पिछले वर्ष के एडवांटेज 2 शिखर सम्मेलन में लगभग 5 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए।

### 'मेरे साथ छेड़छाड़ की, सबूतों वाला फोन भी तोड़ दिया'

## भाजपा विधायक पर महिला ने लगाए संगीन आरोप, मचा हड़कंप

इंदौर **(एजेंसी)**। मध्य प्रदेश में धार जिले के धामनोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक कालू सिंह ठाकुर से जुड़ा मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। पिछले दिनों विधायक द्वारा एक महिला और उसके पति पर दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगने का आरोप लगाए जाने के बाद अब उसी महिला ने स्वयं को पीड़ित बताते हुए विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित दीपिका ने आरोप लगाया है कि पारिवारिक प्रताड़ना से परेशान होकर वह मदद की उम्मीद में विधायक के पास पहुंची थी, लेकिन विधायक ने सहायता करने के बजाय उसके साथ गलत हरकत की और दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला का कहना है कि विधायक ने पहले उसे धामनोद स्थित अपनी होटल में एक दिन तक छुपाकर रखा और वहां से भोपाल बुलवाया।

दीपिका के अनुसार मुस्लिम युवक काशिफ से शादी करने के चलते उसके परिजन उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। इसी कारण वह विधायक से मदद मांगने गई थी। आरोप है कि परिजनों द्वारा की गई मारपीट की जानकारी होने के बावजूद विधायक ने उन्हें मिलवाने या किसी प्रकार की कानूनी अथवा प्रशासनिक सहायता दिलाने के बजाय उसके साथ छेड़छाड़ की और दुष्कर्म की कोशिश की। महिला का दावा है कि भोपाल में विधायक द्वारा की गई कथित हरकतों के बाद वह बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाकर वहां से भागने में सफल रही।



पीड़िता ने यह भी कहा कि विधायक द्वारा उस पर और उसके पति पर लगाए गए फिरौती मांगने के आरोप निराधार हैं और वास्तविक पीड़ित वही है। पीड़ित ने इस दौरान मीडिया के सामने कुछ फोटो और मोबाइल ऑडियो क्लिप जिसमें विधायक से बात होना बताया जा रहा है पेश किए। महिला का दावा है कि ऑडियो क्लिप में विधायक कालूसिंह ठाकुर से बातचीत के दौरान रिकार्ड की गई है। जिसे डिलीट करने के लिए विधायक ने उसका फोन भी फोड़ दिया, जो कि धामनोद थाने में जब्त है। मामले में पीड़िता द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शिकायत मिलने पर दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक विधायक पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### 'राष्ट्रगान का अपमान बर्दाश्त नहीं'

## तमिलनाडु विधानसभा में भारी ड्रामा राज्यपाल आर.एन. रवि का वॉकआउट

चेन्नई **(एजेंसी)**। तमिलनाडु की राजनीति में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब राज्यपाल आर.एन. रवि साल के पहले सत्र के उद्घाटन पर अपना पारंपरिक अभिभाषण बीच में ही छोड़कर सदन से बाहर निकल गए। राज्यपाल ने न केवल भाषण पढ़ने से इनकार किया, बल्कि राज्य सरकार और विधानसभा अध्यक्ष पर गंभीर आरोप भी लगाए। गवर्नर रवि ने राज्य विधानसभा में कहा, 'मेरा माइक बंद कर दिया गया था, मेरा अपमान किया गया और मुझे बोलने नहीं दिया गया।'

विधानसभा में अपने संक्षिप्त संबोधन के दौरान राज्यपाल रवि ने गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा: 'मैं बहुत निराश हूँ। राष्ट्रगान को वह सम्मान नहीं दिया गया जिसका वह हकदार है। इसे उचित सम्मान मिलना ही चाहिए।'

दरअसल, राज्यपाल की मांग थी कि सत्र की शुरुआत में 'तमिल गान' (तमिल थाई वज़्थु) के तुरंत बाद राष्ट्रगान बजाया जाना चाहिए। जब स्पीकर एम. अप्पावु ने उनकी इस मांग को ठुकरा दिया, तो राज्यपाल ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए सदन का परित्याग कर दिया। यह तीसरी बार है जब उन्होंने पिछले दो सालों से पारंपरिक भाषण न देने के बाद वॉकआउट किया है। रिलीज़ में कहा गया है, 'गवर्नर का माइक बार-बार बंद कर दिया गया, और उन्हें बोलने नहीं दिया गया... दलितों के खिलाफ अत्याचार और दलित महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा तेजी से बढ़ रही है। हालांकि, भाषण में इसे पूरी तरह से नज़रअंदाज़ किया गया है... राष्ट्रगान का एक बार फिर अपमान किया गया है, और मौलिक संवैधानिक कर्तव्य की अनदेखी की गई है।'



इस बीच, अलग से, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने तमिलनाडु के स्पीकर को जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजीं। बिरला ने पोस्ट किया, 'तमिलनाडु विधानसभा के स्पीकर श्री एम. अप्पावु को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपको अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और लंबी उम्र का आशीर्वाद मिले।'

## 'राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है' अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बोले नबीन

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। नितिन नबीन को मंगलवार को औपचारिक रूप से भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। उन्होंने जेपी नड्डा का स्थान लिया और पार्टी के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत की, क्योंकि पार्टी देश की राजनीति पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के रिटर्निंग ऑफिसर के. लक्ष्मण ने संगठनात्मक चुनावों के परिणाम घोषित किए और 45 वर्षीय नबीन को चुनाव प्रमाण पत्र सौंपा। वे पार्टी के शीर्ष पद पर आसीन होने वाले अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नड्डा, वरिष्ठ मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी और अन्य कई लोग नेतृत्व परिवर्तन के साक्षी बनने के लिए भाजपा मुख्यालय में उपस्थित थे। नबीन भाजपा के 12वें अध्यक्ष बने, जिसकी स्थापना 1980 में हुई थी, उसी वर्ष उनका जन्म भी हुआ था। सादगीप्रिय और कम चर्चित नबीन ने 14 दिसंबर को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद बिहार सरकार में कानून और न्याय, शहरी विकास और आवास मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि मैं आज इस अवसर पर पार्टी के पूर्व के राष्ट्रीय अध्यक्षों का स्मरण करता हूं और उनका अभिवादन करता हूं। आज का क्षण मेरे लिए संकल्प का क्षण है। आज मैं केवल पद ग्रहण नहीं कर रहा हूँ। मैं इस पार्टी की विचारधारा, परंपराओं और राष्ट्रवादी आंदोलन की ज़िम्मेदारी को स्वीकार कर रहा हूँ, और इस अवसर पर मैं अपने सभी वरिष्ठ सहयोगियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। आज 140 करोड़ भारतीय विकसित भारत के सपने से जुड़ रहे हैं और देश को आगे ले जाने के लिए काम कर रहे हैं। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।



आगले कुछ महीनों में तमिलनाडु, असम, बंगाल, केरल और पुडुचेरी में चुनाव होने वाला है और वहां की डेमोग्राफी की चर्चा हो रही है कि किस प्रकार वहां डेमोग्राफी बदल रही है। यह हमारे लिए चुनौती है लेकिन हम पूरी तरह आश्वस्त हैं कि भाजपा का कार्यकर्ता अपने संघर्ष और परिश्रम के बल पर इन पांचों राज्यों में सशक्त भाजपा का नेतृत्व प्रदान करेगा। भाजपा के कार्यकर्ता कुछ नारों को जनसंघ के समय से गढ़ते थे- 'राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे,' 'जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है', 'एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेगा।' भाजपा के कार्यकर्ताओं ने वह समय देखा जब अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। जम्मू-कश्मीर की जनता ने धारा 370 से मुक्ति का दौर देखा... जब हम श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा लहराते देखते हैं तो गर्व की अनुभूति होती है। हमने वह दौर भी देखा है जब पाकिस्तान के झंडे लहरा रहे थे और दिल्ली की सरकार मौन बैठी थी... जब 370 की समाप्ति हुई तो कश्मीर की फिज़ा बदली है।

## पंजाब पुलिस का ऑपरेशन गैंगस्टर्स, 12 हजार पुलिसवालों की 2000 ठिकानों पर रेड

चण्डीगढ़ **(एजेंसी)**। पंजाब पुलिस ने मंगलवार को 'गैंगस्टर्स के खिलाफ जंग' अभियान के तहत संगठित अपराध के पूरे तंत्र को ध्वस्त करने के उद्देश्य से राज्यव्यापी कार्रवाई शुरू करने के लिए 72 घंटे का अभियान चलाया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि अभियान के पहले चरण में 12, 000 पुलिस अधिकारी 2, 000 स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य से बाहर सक्रिय गैंगस्टर्स को प्रत्यर्पित करने के लिए आईजी आशीष चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष सेल का गठन किया गया है, जिसमें सभी ऑपरेशनल विंग के अधिकारी शामिल हैं।

डीजीपी यादव ने यहां पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री ने हमें निर्देश दिए हैं कि पंजाब में गैंगस्टर्स को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमने रणनीति बनाई है और गैंगस्टर्स के खिलाफ जंग छेड़ दी गई है। आज से 72 घंटे का अभियान शुरू किया गया है। इसके पहले चरण में 12, 000 पुलिस अधिकारी लगभग 2, 000 स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब के बाहर बैठे गैंगस्टरों को वापस लाने के लिए आईजी आशीष चौधरी के नेतृत्व में एक सेल का गठन किया गया है। इसमें सभी ऑपरेशनल विंग के अधिकारी शामिल होंगे। हम आपराधिक वित्तपोषण पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। हमने आज से एक गैंगस्टर विरोधी हेल्पलाइन भी शुरू की है। पंजाब सरकार ने इनाम के लिए 10 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।



## एमडीएमए के साथ एक आरोपी गिरफ्तार नशे के कारोबार पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशांबी। जनपद कौशांबी पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। कोखराज थाना क्षेत्र से एक आरोपी को भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया गया है।

ज्ञात हो कि चौकी प्रभारी शहजादपुर, उप निरीक्षक गणेश कुमार के नेतृत्व में 20 जनवरी 2026 को की गई इस कार्रवाई में आरोपी संदीप कुमार रजक (उम्र लगभग 32 वर्ष), पुत्र मंगली प्रसाद रजक, निवासी ग्राम भवांदा के कब्जे से 147 ग्राम अवैध एमडीएमए, एक ओप्पो मोबाइल फोन और 480 रुपये नकद बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 037/2026, धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। कौशांबी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनपद में नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाते रहेंगे।



## विकसित भारत-जी राम जी भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा - धर्मराज मौर्य

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। भाजपा जिला कार्यालय में (वीबी-जी राम जी) विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण के निमित्त आयोजित जिला कार्यशाला एवं एसआईआर की कामकाजी बैठक को काशी क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित किया।

ज्ञात हो कि काशी क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि नया ग्रामीण रोजगार (वीबी-जी राम जी) मनरेगा का विकसित रूप है, जो ग्रामीण भारत में रोजगार और आजीविका सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून, 2025 के तहत लाया गया है, जिसमें रोजगार के दिनों में वृद्धि (100 से 125 दिन)डिजिटल गवर्नेंस, बेहतर निगरानी और समय पर भुगतान के साथ बेरोजगारी भत्ता जैसे नए प्रावधान हैं, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा



सके और सतत विकास को बढ़ावा मिले।

इसी क्रम में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित किया कि कांग्रेस जो मंगलवार को मनरेगा-मनरेगा का शोर मचा रही है, उसने कभी जनता को यह नहीं बताया कि 2009 से पहले इस योजना में महात्मा गांधी का नाम तक नहीं था।सच यह है कि चुनाव आते ही कांग्रेस को बापू याद आने लगते हैं, लेकिन उनके आदर्शों पर बात कभी नहीं होती, कांग्रेस के समय मनरेगा भ्रष्टाचार और गड्ढे खोदने-भरने का प्रतीक बन गया था, और उस समय मनरेगा के तहत मजदूरों को न पूरा रोजगार मिलता था और न ही कभी पूरा अधिकार मिलता था।लेकिन मोदी सरकार ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) मनरेगा को नया रूप दिया है।इस नए कानून में ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की पक्की गारंटी है, जिसके तहत अब रोजगार 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। साथ ही विकसित भारत - जी राम जी बिल विकसित भारत के लिए, विकसित गांव का बिल है।यह बिल महात्मा गांधी जी के स्वावलंबी, स्वयं पूर्ण, गरीबी मुक्त और रोजगार युक्त गांव बनाने का बिल है। ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व जिला मंत्री प्रदीप कुमार शीलू पाण्डेय, एससी एसटी अयोग सदस्य जितेंद्र कुमार गौतम, राज्य महिला आयोग सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी, अरविंद द्विवेदी, चक्रेश मिश्रा, महामंत्री संजय जायसवाल, जय प्रकाश विश्वकर्मा, कार्यक्रम सह संयोजक शिवमूरत पासी, योगेंद्र सिंह, पुष्पराज पटेल सहित सम्मानित मण्डल अध्यक्षगण, मण्डल प्रभारीगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## मुख्य विकास अधिकारी ने वन स्टाप सेन्टर का किया निरीक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 02 महिलायें एवं 06 बालिकायें आवासित पाई गई।

ज्ञात हो कि मुख्य विकास ने वन स्टाप सेन्टर में मिलने वाली सुविधाओं-अल्पावास, भोजन, परामर्श, पुलिस सहायता एवं कानूनी सहायता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वन स्टाप सेन्टर में पीड़िताओं के आवासन कक्ष एवं परिसर में समुचित साफ-सफाई न पाये जाने पर जिला प्रोबेशन अधिकारी को साफ-सफाई, रंगाई-पोताई एवं मरम्मत कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। केन्द्र प्रबन्धक ने पीड़िताओं के आवासन की समस्त सुविधाओं सहित एक अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कराये जाने की मांग की, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने वन स्टॉप सेन्टर परिसर में समस्त सुविधाओं सहित पीड़िताओं के आवासन कराये जाने के लिए 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।




## जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने मंगलवार को उदयन सभागार में फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की समीक्षा की।

ज्ञात हो कि बैठक में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री लक्ष्य 237892 के सापेक्ष 160284 कृषकों का फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं शेष 77608 कृषकों का फार्मर रजिस्ट्री कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों में से 133806 कृषकों के फार्मर रजिस्ट्री कार्य हो चुका है एवं 51144 कृषकों का फार्मर रजिस्ट्री किया जाना है।

जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक से कहा कि कृषि विभाग के कार्मिकों एवं अन्य विभाग के कार्मिको द्वारा किए जा रहें फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रगति आख्या प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाय। इसके साथ ही उन्हांने कैम्प लगाकर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शासन की प्राथमिकता का कार्य है, ग्राम प्रधान एवं लाभार्थियों से समन्वय कर प्रगति सुनिश्चित किया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



### बच्चों के विवाद में महिला को पीटा, गंभीर हालत में रेफर

कौशाम्बी। क्षेत्र के कसिया पश्चिम गांव में बच्चों के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना तब हुई जब कसिया पश्चिम निवासी राजलाल की पत्नी लक्ष्मी अपने 15 वर्षीय पुत्र शनि के झगड़े को लेकर उलाहना देने गई थीं। आरोप है कि दबंगों ने लाठी-डंडों से लक्ष्मी को बुरी तरह पीटा।

घायल लक्ष्मी को एंबुलेंस की मदद से मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मंझनपुर के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कोखराज थाना अध्यक्ष, चंदभूषण मौर्य ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है और पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

## पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई।

ज्ञात हो कि इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।



## जिलाधिकारी ने किया कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मूरतगंज का आकस्मिक निरीक्षण

### शिकायतों के निस्तारण की प्रभावी अनुश्रवण करने के निर्देश

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने मंगलवार को कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मूरतगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया।

ज्ञात हो कि जिलाधिकारी ने तहसील दिवस पंजिका, आई.जी.आर.एस. पंजिका एवं जनसुनवाई पंजिका के अवलोकन के दौरान शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नम्बर अंकित न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए खण्ड विकास अधिकारी गिरिजेश प्रसाद से कहा कि शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित किया जाय तथा शिकायतों के निस्तारण की प्रभावी अनुश्रवण किया जाय। मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जाय। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष स्वयं सहायता समूह के गठन की जानकारी प्राप्त करते हुए बी.एम.एम. से कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष समूह का गठन किया जाय एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाय।

जिलाधिकारी ने ए.पी.ओ. से मनरेगा के कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गांरटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 का प्रचार-प्रसार किया जाय। उन्होंने अधिशासी अधिकारी, भरवारी से दूरभाष पर वार्ता कर पक्का तालाब का सौन्दर्यीकरण कराए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।



## सिप्ला ने जागरूकता फैलाने के लिये शुरू किया इनहेल द चेंज

**मंत्र भारत संवाददाता**

वाराणसी। सिप्ला ने इनहेल द चेंज शुरु किया है। यह बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन के साथ एक देशव्यापी जागरूकता पहल है। इसका मकसद इंसुलिन थेरेपी से जुड़ी भावना और व्यवहार संबंधी दिक्कतों को दूर करना है। डायबिटीज भारत की सबसे बड़ी जन स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इसकी वजह से लोग लंबे समय तक बीमार रहते हैं और यह मौत का कारण भी बनता है। भारत में 10 करोड़ से ज़्यादा लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। इसलिए देश को अक्सर 'दुनिया की डायबिटीज राजधानी' कहा जाता है। यह चिंता की बात है कि सिर्फ़ 27.5प्रतिशत लोगों को अपनी हालत के बारे में पता है और सिर्फ़ 7प्रतिशत लोगों का ब्लड शुगर कंट्रोल में है। यह संख्या न सिर्फ़ चिकित्सीय चुनौती बताती है बल्कि उन मरीज़ों की रोज़ की मुश्किलें भी दिखाती हैं जो डर, बदनामी या अपनी स्थिति तथा इलाज के उपलब्ध विकल्पों को लेकर जागरूकता की कमी के कारण देरी करते हैं या इनका उपयोग छोड़ देते हैं।




## वार्षिक विज्ञान मेले का आयोजन छात्राओं ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर के सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में आज वार्षिक विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा विभाग, कॉपर सर्जिकल एवं स्माइल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।विज्ञान मेले में छात्राओं द्वारा विज्ञान, तकनीक, अभियांत्रिकी एवं गणित पर आधारित कई नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, स्वच्छता, डिजिटल नवाचार तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान से जुड़े आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) सुरेंद्र श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच और नवाचार की भावना विकसित होती है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर सीखने, प्रयोग करने और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में स्पेशल पुरस्कार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नौगढ़ को प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मिठवल, द्वितीय पुरस्कार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बांसी तथा तृतीय पुरस्कार भी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बांसी को मिला।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में स्टेट रिसोर्स पर्सन अपूर्व श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में सुश्री कल्पना, लेखाकार नीतीश कुमार एवं स्माइल फाउंडेशन की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागी छात्राओं, शिक्षकों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।



### शुद्धि-सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि अरनव सिंह (ARNAV SINGH) तथा अनवि सिंह (ANVI SINGH) के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश पिता व माता का नाम राज किशोर तथा कीर्ति अंकित है जो कि गलत है, सही नाम नाम राजकिशोर (RAJKISHORE) तथा कीर्ति आर्या (KIRTI ARYA) है जो कि आधार कार्ड मे भी अंकित है, वास्तव मे लिखत-पढ़त में राजकिशोर (RAJKISHORE) तथा कीर्ति आर्या (KIRTI ARYA) को ही सत्य माना जाए जो कि मेरी निजी जानकारी मे सत्य व सही हैं।

(राजकिशोर)
पुत्र स्व0 रामबरन राम
निवासी : बी0एस0- 41, बरसाना सेक्टर, कालिन्दीपुरम
राजरूपपुर, प्रयागराज उ0प्र0।


### उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्या-230-वि./क.वि./प्रयागराज/ई-टेण्डर/2026/611 दिनांकः 17.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क.वि./उ.म.रे./प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

**निविदा सं.** : 230-क.वि.-कार्य ठेका-1000-2026, **कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के पनकीधाम (PNKD) में 132 kV TR लाइन का संशोधन और स्थानांतरण का कार्य।
**अनुमानित लागत** : ₹ 3,71,90,089.97 | **बिड सुरक्षा राशि** : ₹ 3,36,000.00
**कार्य अवधि** : 12 महीना। | **बोली प्रणाली** : एक पैकेट
**निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः** 09.02.2026, 14:00 बजे।
**निविदा खुलने की तिथि तथा समयः** 09.02.2026, 15:00 बजे।

**नोटः-** (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। (2) उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 133/26 (MG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



### उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 26/65 दिनांकः 16.01.2026

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई. एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 50251373A | लीड एसिड सेकेंडरी सेल 2 वोल्ट 200 एएच | 3758 नग | 09.02.2026 |
| 2 | 50251372 | लीड एसिड सेकेंडरी सेल 2 वोल्ट 120 एएच | 1561 नग | 12.02.2026 |
| 3 | 38251941 | बॉडी साइड अरेंजमेंट कम्पलीट | 146 नग | 02.02.2026 |
| 4 | 20255019 | सेट ऑफ सिलिंड्रीकल रोलर बियरिंग फॉर 3 फेज ट्रैक्शन मोटर टाइप 6 एफआरए 6068 | 96 सेट | 09.02.2026 |
| 5 | 20255027 | इलेक्ट्रो न्यूमेटिक कांटेक्टर (मोटर कांटेक्टर) | 200 नग | 10.02.2026 |
| 6 | 80254101D | एचएलपी-68N ग्रेड हाइड्रोलिक तेल | 246288 लिटर | 09.02.2026 |
| 7 | 80251046A | ग्रैफाइटेड ग्रीस ग्रेड '0' | 108416 किलो | 19.02.2026 |
| 8 | 6325RC06 | दिश इज टेन्डर टू इंटर इन्टू रेट कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ सीएमएस क्रॉसिंग 60 केजी. 1 इन 8.5 ड्राइंग संख्या टी-4967 एंड सीएमएस क्रॉसिंग 60 केजी 1 इन 12 ड्राइंग संख्या टी- 4220 | 714 Set. | 16.02.2026 |
| 9 | 64255259 | न्यूमेटिक वाल्व | 3531 Set. | 16.02.2026 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 116/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# टाटा मोटर्स ने अगली पीढ़ी के 17 ट्रकों को लॉन्च किया सुरक्षा, मुनाफे और प्रगति के लिए नए मानक स्थापित किए

### भारतीय सड़कों के लिए विश्व-स्तरीय सुरक्षा – कठोर यूरोपीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप तैयार ट्रक

**मंत्र भारत संवाददाता**

गोरखपुर। भारतीय ट्रकिंग के परिदृश्य को बदलने वाले एक ऐतिहासिक कदम में, टाटा मोटर्स, भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक वाहन निर्माता और मोबिलिटी समाधान प्रदाता, ने आज 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों का अपना अगली पीढ़ी का पोर्टफोलियो लॉन्च किया, जो सुरक्षा, लाभ और प्रगति में नए मानक स्थापित करता है। यह व्यापक लॉन्च नई अजुरा सीरीज, अत्याधुनिक टाटा ट्रक रेंज, और मशहूर प्राइमा, सिग्ना तथा अल्ट्रा प्लेटफॉर्म्स में महत्वपूर्ण अपग्रेड पेश करता है। ये ट्रक दुनिया के कड़े सुरक्षा नियमों के हिसाब से बने हैं और इनका मकसद ट्रांसपोर्टर्स की बचत बढ़ाना, रखरखाव का खर्चा कम करना और काम को आसान बनाना है।

नए ट्रकों को लॉन्च करते हुए, गिरीश वाघ, एमडी एवं सीईओ, टाटा मोटर्स लिमिटेड ने कहा, 'भारत में ट्रकिंग का क्षेत्र सरकारी नीतियों, बेहतर सड़कों और सुरक्षित व साफ-सुथरे ट्रांसपोर्ट की मांग के कारण तेजी से बदल रहा है। टाटा मोटर्स ने हमेशा से इस बदलाव में आगे रहकर नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं जोकि इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देते हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए हमने अपनी अगली पीढ़ी के ट्रक पेश किए हैं, जिनमें नई 'अजुरा' सीरीज, दो उन्नत शक्तिशाली उच्च दक्षता पावरट्रेन, भारत के व्यापक जीरो एमिशन वाले इलेक्ट्रिक ट्रकों की रेंज और हमारे नए आर्किटेक्चर पर आधारित टिपर रेंज और यूरोपीय मानकों वाले कैबिन एवं उद्योग में अग्रणी सुरक्षा फीचर्स, ज्यादा पेलोड और ईंधन दक्षता में उल्लेखनीय अपग्रेड शामिल हैं। इन ट्रकों को फ्लीट एज डिजिटल सेवाओं से भी जोड़ा गया है ताकि इन्हें चलाना और ट्रैक करना आसान हो। हमारा 'हमेशा बेहतर करने' (बेटर ऑलवेज़) का विचार हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। हम नई चीजें बनाने में लगातार मेहनत करते हैं, स्थानीय उत्पादन पर ज्यादा ध्यान देते हैं, और ग्राहकों की सफलता पर मजबूती से फोकस रखते हैं। ये सब 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करते हैं, जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करता है और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन में लीडर बनने की इच्छा को मजबूत करता है।'

टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू अजुरा रेंज का प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट और लाइट कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में श्रेष्ठ प्रदर्शन, आराम और अपटाइम प्रदान करने के लिए विशेष रूप से निर्मित। उत्पादकता, सुरक्षा और आराम को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियर की गई अजुरा, बिना किसी थकावट के ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है।



एक नए 3.6-लीटर डीजल इंजन द्वारा संचालित, जो श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और दक्षता प्रदान करता है, अजुरा विश्वसनीयता और अपटाइम के लिए एक नया मानक स्थापित करती है। अजुरा रेंज 7 से 19 टन कॉन्फ़िगरेशन में उपलब्ध होगी, जो विविध प्रयोगों के लिए पूरी तरह उपयुक्त है–ई-कॉमर्स और एफएमसीजी वितरण से लेकर व्हाइट गुड्स डिलीवरी, निर्माण सामग्री परिवहन, कृषि और औद्योगिक सामान परिवहन, साथ ही इंटरसिटी, मीडियम-हॉल और क्षेत्रीय लॉजिस्टिक्स तक।

टाटा मोटर्स ने अपने पूरे ट्रक पोर्टफोलियो–जिसमें सिग्ना, प्राइमा, अल्ट्रा और ऑल-न्यू अजुरा रेंज शामिल है–को व्यापक रूप से अपग्रेड करके सड़क सुरक्षा के लिए एक नया मानक स्थापित किया है, जो सख्त ग्लोबल क्रैश सुरक्षा मानक (यूरो क्रैश नॉर्म्स) को पूरा करता है। इन ट्रकों में पूर्ण फ्रंटल, रोलओवर और साइड-इम्पैक्ट सुरक्षा के लिए इंजीनियर की गई कैबिन्स हैं, और ये 23 तक भारत-विशिष्ट उन्नत सक्रिय सुरक्षा तकनीकों से सुसज्जित हैं जैसे कि एडाप्टिव क्रूज कंट्रोल, लेन डिपार्चर वॉर्निंग, और कोलिजन मिटिगेशन सिस्टम। फ्लीट एज, नेक्स्ट-जेन कनेक्टेड व्हीकल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रीयल-टाइम ड्राइविंग व्यवहार मॉनिटरिंग, सुरक्षा को और बढ़ाती है, जिससे टाटा मोटर्स एकमात्र भारतीय निर्माता बन जाता है जो अपने ट्रकों को इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मानक तक ऊंचा उठाता है।

कमाई की संभावना को अधिकतम करने और कुल स्वामित्व लागत को कम करने के लिए इंजीनियर की गई, टाटा मोटर्स ट्रक्स रेंज में किए गए अपग्रेड प्रत्यक्ष लाभ प्रदान करते हैं जो लाभप्रदता को सीधे बढ़ाते हैं। स्मार्ट अपग्रेड ने पेलोड क्षमता को 1.8 टन तक बढ़ाया है, जबकि ड्राइवट्रेन अपग्रेड, उन्नत 6.7-लीटर कमिंस डीजल इंजन के नेतृत्व में, 7इ बेहतर ईंधन दक्षता प्रदान करते हैं।

इन इंजीनियरिंग प्रगतियों के साथ ही एक डिजिटली इनेबल्ड सपोर्ट इकोसिस्टम है जो फ्लीट विजिबिलिटी और अपटाइम को बढ़ाता है। फ्लीट एज प्रायोरिटी की शुरुआत के साथ, ग्राहक अब अपनी फ्लीट में कई और जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें वाहन की वास्तविक समय में सेहत की जानकारी, पूरवानुमानित विश्लेषण, और ट्रिप प्रबंधन को अनुकूलित करने के सुझाव शामिल हैं। एक साथ, ये इनोवेशन ट्रांसपोर्टर्स को बेहतरीन पेलोड लाभ, महत्वपूर्ण ईंधन बचत, और परिसंपत्ति का बेहतरीन इस्तेमाल सुनिश्चित करते हैं, ताकि हर निवेश पर अधिक रिटर्न प्राप्त किया जा सके।

## पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज की कथा का समापन आज

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज की भागवद कथा का समापन बुधवार को ओल्ड जीटी रोड पर लगे चरखी दादरी आश्रम में होगा। स्वामी ब्रह्माश्रम महराज ने कथा में आज भगवान श्रीकृष्ण, रूक्मणि विवाह हुआ, जहां सभी देवी, देवताओं ने पुष्प वर्षा करते हुए मंगलगीत गये। इस दौरान कथा के मुख्य यजमान पूर्व टीटीई बैजनाथ मिश्रा और धर्मपत्नी सुनीता मिश्रा और बडी संख्या में शिष्यों ने भगवान श्रीकृष्ण और रूक्मणी का पावपुजाई की। पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज ने बताया कि बुधवार को कथा का समापन होगा जिसमे सुदामा चरित, रूक्मणि परिहास, नव योगेश्वर की कथा, भगवान श्रीकृष्ण का स्वधाम गमन, शुकदेव का अंतर्ध्यान होना और राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा होगी।



## विशेष पुनरीक्षण अभियान मामला

# लापरवाही पर दो कर्मचारियों का निलंबन पांच कार्मिकों का मानदेय रोका गया, मचा हड़कंप

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन करने एवं अपमार्जन के लिए फॉर्म 6, 7 और 8 भरे गए। विधानसभा क्षेत्र संख्या 254 फाफामऊ के अंतर्गत कुल 207 मतदान केंद्रों एवं 405 बूथों पर बीएलओ द्वारा कार्य किया गया।

अभियान की निगरानी स्वयं ईआरओ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हीरालाल सैनी ने की। निरीक्षण के दौरान कई मतदान केंद्रों पर गंभीर लापरवाही सामने आई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय हथीगहा की प्रअ फरहत परवीन तथा




प्राथमिक विद्यालय टिकरी के प्र अ मोहम्मद अजमल अंसारी द्वारा निर्धारित समय पर विद्यालय न खोले जाने की पुष्टि हुई। निर्वाचन कार्य जैसे महत्वपूर्ण दायित्व में इस प्रकार की लापरवाही को गंभीर मानते हुए दोनों कर्मचारी के विरुद्ध निलंबन की संस्तुति की गई है।इसके अतिरिक्त सरस्वती देवी परमानंद इंटर कॉलेज कौड़िहार में तैनात फूलचंद पटेल, पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंटरामपुर की मंजुला भारतीया, प्राथमिक विद्यालय सराय गोपाल, प्राथमिक विद्यालय पटना उपहार में तैनात मिथिलेश, आशा त्रिपाठी एवं रीना राय निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए। इन सभी की लापरवाही पर उनके मानदेय पर रोक लगाए जाने की संस्तुति की गई है।

विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 6925 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें फॉर्म 6 के अंतर्गत 5672 नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के आवेदन, फॉर्म 7 के तहत 34 नाम अपमार्जन के आवेदन तथा फॉर्म 8 के अंतर्गत 1219 नाम संशोधन के आवेदन शामिल हैं। ईआरओ हीरालाल सैनी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार कीलापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। आगे भी विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान सघन निरीक्षण जारी रहेगा

## प्रयागराज विकास प्रधिकरण की नजूल भूमि हुआ अतिक्रमण मुक्त

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा रॉयल होटल, नवाब यूसुफ रोड के बगल बने नजूल भूमि अवैध अतिक्रण पर नगर निगम के सहयोग से सम्पूर्ण दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्व में ही इन अवैध दुकानों को स्वतः हटाये जाने का नोटिस दिया गया था। इसके उपरान्त भी इन दुकानदारों द्वारा अवैध अतिक्रमण को नही हटाया गया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त नजूल भूमि पर अतिक्रमण हटाये जाने के लिए नगर निगम से सहयोग मॉगा था जिसके क्रम में आज नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय एवं अतिक्रमण दस्ता के साथ अभियान चलाते हुए सम्पूर्ण अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया, साथ ही सम्बन्धित क्षेत्र के थाने में पुनः अतिक्रमण न किये जाने हेतु सूचना दे दी गयी। उक्त अभियान में नगर निगम अतिक्रमण दस्ता के साथ अपर नगर आयुक्त अरविन्द कुमार राय, अतिक्रण प्रभारी कर्नल दिनेश तनवर स्थानीय पुलिस बल के अलावां प्रयागराज विकास प्राधिकारण अवर अभियन्तागण उपस्थित रहे।




## सम्भव सुनवाई के दौरान नगर आयुक्त, साईं तेजा ने सुनी फरियाद

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। नगर आयुक्त आईएएस सीलम साईं तेजा ने आज दिनांक 20 जनवरी 2026 मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान शिकायत ले कर आये हुए फरियादियों की शिकायतो को सुना गया। इस जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश शिकायतें अतिक्रमण, नामान्त्रण, जन्म प्रमाण पत्र संशोधन, नाला-नाली मरम्म्त, सड़क गली मरम्मत, सीवर, पेयजल आदि की शिकायत प्राप्त हुई। जनसुनवाई के दौरान तेजा ने आम नागरिकों की समस्याएं न केवल ध्यानपूर्वक सुनीं, बल्कि तत्काल समाधान के निर्देश भी दिए।

जनसुनवाई में आई शिकायतें पेयजल तथा सड़क-नाली निर्माण तथा अतिक्रमण आदि से जुड़ी रहीं। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल तथा नालों और नालियों की साफ-सफाई तथा जाम नालियों की शिकायत पर तत्काल नगर आयुक्त द्वारा कार्यवाही करवाते हुए शिकायत का निस्तारण का निर्देश दिए।



जोनल कार्यालय के सभी पार्षदगणें के साथ नगर आयुक्त द्वारा बैठक की गयी इस दौरान शहर में विभिन्न स्थानों चबूतरे, पेयजल, शौचालय/यूरिनल तथा शेड आदि की व्यवस्थाओं पर सुझाव लिए गये। प्रयागराज के वी0आई0पी0क्षेत्र में क्यूआरटी0 टीम की व्यवस्था किये जाने का अनुरोध किया जिससे साफ-साफई मार्गप्रकाश, मलवा, अतिक्रमण जैसी समस्या को तत्काल निस्तारण किया जा सके। जन सुनवाई के दौरान बैठक में अपर नगर आयुक्त अरविन्द कुमार रॉय, मुख्य कर अधिकारी पीके द्विवेदी, महाप्रबन्धक गौरव कुमार, नगर व्यवस्था अधिकारी, मुख्य अभियन्ता सिविल तथा विद्युत, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, पशु कल्याण विभाग , जलकल विभाग, सहित समस्त जोनल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संत-महात्मा पहुंच रहे एक-दूसरे के शिविर, लें रहे कुशलक्षेम

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। माघ मेला में देश के कोने - कोने से शिविर लगाकर कल्पवास करने संत, महात्मा अब एक, दूसरे के शिविर में जाकर कुशलक्षेम पूछ रहे है। इससे भी सनातन की शाखाएं मजबूत हो रही है। मंगलवार को प्रयागराज के धर्मगुरू स्वामी रंजीत मिश्रा महावीर मार्ग पर लगे जगदगुरू स्वामी संतोषाचार्य महराज सतुआ बाबा के शिविर पहुंचे। धर्मगुरू स्वामी रंजीत मिश्रा ने जगदगुरु स्वामी संतोषाचार्य महराज सतुआ बाबा, स्वामी भैरवनाथ महराज सहित अन्य संतों से भेटकर कुशलक्षेम जाना और अंगवस्त्रम भेट कर सम्मानित किया। इसी प्रकार से धर्मगुरू रंजीत मिश्रा अन्य प्रमुख सतों के शिविर में गये और उनका कुशलक्षेम पूछते हुए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयागराज की परंपरा रही है जो चली आ रही है, सभी लोग उसी का पालन करते है।



## किन्नर अखाडा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने बडी संख्या में शिष्यों सहित किया गंगा पूजन, अर्चन

### भटके किन्नरों को अखाडे से जोडना है : स्वामी कल्याणीनंद गिरि

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। किन्नर अखाडा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि महराज (छोटी मां) ने आज बडी संख्या में शिष्यों के साथ मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती, भगवान वेणी माधव और तीर्थराज का पूजन अर्चन किया। उन्होंने देश के खुशहाली, लोगों के उन्नति, सभी के चतुर्दिक विकास और सभी के विकास की मंगल कामना किया है।

किन्नर अखाडा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि महराज (छोटी मां) ने कहा कि सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करते हुए बडी संख्या मे लोगो को इससे जोडना है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से कार्यक्रम करके भटके हुए किन्नरों को किन्नर अखाडे से जोडना है जिससे कि किन्नर अखाडा को और मजबूती मिलेगी और उनको नयी दिशा भी मिलेगी। उन्होने कहा कि किन्नर अखाडा का विस्तार देश और विदेश में तेजी से चल रहा है।

किन्नर अखाडा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी



कल्याणीनंद गिरि महराज (छोटी मां) ने कहा कि हमारी युवा पीढी सनातन धर्म से जहा विमुख है और उससे जुड नही रही है उनको सनातन धर्म से जोडते हुए उसको आगे बढाना है जिससे कि आदि अनादिकाल से चला आ रहा सनातन धर्म आगे ही बढता रहे और बडी संख्या में लोग उससे जुड कर लाभान्वित हो सके। किन्नर अखाडा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि महराज (छोटी मां) ने कहा कि आज सनातन धर्म सभी के निशाने पर है चाहे वह इस्लाम हो या ईसाई हो या अन्य लोग इसके बावजूद सनातन धर्म लोगों को जोडते हुए प्रगति के पथ पर है जो सभी को जोडते हुए आगे बढ रहा है जिससे सनातन धर्म आगे बढ रहा है जिसका लाभ हिन्दू समाज को मिल रहा है।

# परमार्थ निकेतन में मेदांता गुड़गांव के विख्यात चिकित्सों के मार्गदर्शन में दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन

### हृदय रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन के मार्गदर्शन में बीएमडी, ईसीजी, पीएफटी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेसर और दवाईयां निःशुल्क

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज/ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन ने सेवा, करुणा और समर्पण की जीवंत मिसाल प्रस्तुत करते हुए मेदांता गुड़गांव के विख्यात चिकित्सकों के मार्गदर्शन में दो दिवसीय मल्टीस्पेशलिस्ट चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। प्रथम दिन बुखण्डी, विध्यवासिनी मन्दिर और दूसरे दिन स्वामी शुकदेवानन्द चेरिटेबल हास्पिटल में मल्टीस्पेशलिस्ट कैम्प का आयोजन किया गया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के आशीर्वाद से पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं समय-समय पर उपलब्ध करायी जा रही है।

परमार्थ निकेतन में सोमवार से शनिवार तक मेदांता गुड़गांव की ओपीडी नियमित रूप से संचालित की जा रही है, जिससे स्थानीय नागरिकों एवं तीर्थयात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं सुलभ रूप से प्राप्त हो रही हैं। डॉ. विवेक सभरवाल, एमबीबीएस, डीएनबी, पीजीडीसीईडी (यूके) कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसीन एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं।

शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन एवं अन्य अनुभवी चिकित्सकों द्वारा बीएमडी, ईसीजी, पीएफटी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की गईं। साथ ही मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की गईं। इस शिविर से सैकड़ों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिला, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं, युवा एवं ग्रामीण क्षेत्र के निवासी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने मेदांता गुड़गांव के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहन एवं उनकी पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा,

'पर्वतीय क्षेत्रों में आज भी बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की अत्यंत आवश्यकता है। जब तक स्वास्थ्य सुरक्षित नहीं होगा, तब तक जीवन भी संतुलित नहीं रह सकता। मेदांता जैसी विश्वसनीय संस्था का परमार्थ निकेतन के साथ जुड़कर सेवा के इस यज्ञ में सहभागी बनना वास्तव में मानवता के लिए वरदान है।'



स्वामी जी ने कहा कि चिकित्सा शिविर करुणा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पहाड़ों का जीवन कठिन है, जहां आज भी अनेक लोग आधुनिक चिकित्सा से वंचित हैं। ऐसे में इस प्रकार के शिविर पहाड़ी समाज के लिए संजीवनी का कार्य करते हैं।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि 'स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मन और स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। जब चिकित्सा सेवा आध्यात्मिक करुणा के साथ जुड़ती है, तब वह केवल उपचार नहीं करती, बल्कि जीवन को नया संबल देती है।'

इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु पुनिया, जनरल फिजिशियन डॉ. विवेक सभरवाल, टीम मैनेजर जितेन्द्र वर्मा सहित मेदांता गुड़गांव की पूरी टीम ने अत्यंत समर्पण भाव से अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उनकी विशेषज्ञता, संवेदनशीलता और सेवा भावना ने मरीजों के चेहरों पर मुस्कान और मन में आशा का संचार किया।

परमार्थ निकेतन एवं स्वामी शुकदेवानन्द चैरिटेबल हॉस्पिटल की टीम ने भी शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंजीकरण से लेकर जांच, दवा वितरण और मार्गदर्शन तक, हर स्तर पर सुव्यवस्थित और अनुशासित व्यवस्थायें रही। परमार्थ निकेतन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सेवा प्रकल्प आयोजित किये जाता हैं, सभी से आग्रह है कि इन सेवाओं का अधिकाधिक लाभ लें और स्वस्थ रहें।

## जगद्धात्री में नकली शादी के ट्विस्ट पर बोले फरमान हैदर इसके पीछे का दर्द बिल्कुल असली है

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। ज़ी टीवी का पॉपुलर फिक्शन शो जगद्धात्री अपनी दिलचस्प कहानी, जज़्बाती गहराई और लीड जोड़ी की शानदार केमिस्ट्री के चलते दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है शिवाय (फरमान हैदर) और जगद्धात्री (सोनाक्षी बत्रा) की ऑनस्क्रीन बॉन्डिंग शो की बड़ी ताकत बन चुकी है और यही वजह है कि हर नया मोड़ दर्शकों की दिलचस्पी और बढ़ा देता है। फिलहाल शो की कहानी एक बड़े मोड़ पर पहुंच गई है, जहां शिवाय और जगद्धात्री की शादी हो जाती है। लेकिन इस शादी के साथ एक बड़ा ट्विस्ट भी सामने आता है, क्योंकि ये शादी फेक है, और इसके पीछे एक खास मकसद छुपा है। दोनों देशमुख हाउस में एंट्री लेते हैं ताकि जगद्धात्री की मां की मौत के पीछे की सच्चाई पता चल सके। साथ ही दोनों ये भी साबित करना चाहते हैं कि महेश देशमुख ही शिवाय के असली पिता हैं। महेश देशमुख और शिवाय के रिश्ते का सच सामने आते ही माया हैरान है और उसने जगद्धात्री और शिवाय को ये साबित करने के लिए एक महीने का वक्त दे दिया है।



### 11 कप चाय से शुरू अन्न क्षेत्र अब हजारों का बना सहारा

## कल्पवास करते हुए अन्नदान से अक्षय पुण्य की प्राप्ति : स्वामी शंकराश्रम

### माघ मेला के ओल्ड जीटी रोड पर लगा है पीठाधीश्वर स्वामी शंकराश्रम महराज का शिविर

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर - 6 ओल्ड जीटी रोड पर हरियाणा के करनाल, घरौडा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी शंकराश्रम महराज का शिविर लगा हुआ है। स्वामी शंकराश्रम महराज आज से 35 वर्ष पूर्व माघ मेला में आना शुरू किया था लेकिन उस समय शिविर में अन्न क्षेत्र के नाम पर सिर्फ 11 कप चाय बनती थी जिसका वितरण साधु - संतों और श्रद्धालुओं में किया जाता था लेकिन धीरे - धीरे अब अन्न क्षेत्र व्यापक रूप लें लिया है। शिविर में पौष पूर्णिमा से लेकर माघी पूर्णिमा तक जलपान और विशाल भण्डारा दिन, रात चलता है जिसमें हजारों साधु, श्रद्धालु आस्था और श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण करते है।

पीठाधीश्वर स्वामी शंकराश्रम महराज है। उन्होंने बताया कि पिछले 35 वर्षों में माघ मेला स्वरुप व्यापक स्तर पर बदल गया है, माघ मेला का क्षेत्रफल, बसावट और सुविधाएं माडर्न होती जा रही है



लेकिन सबसे बडी बात यह है कि देश, विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के लिए चलने वाले अन्न क्षेत्रों का स्वरूप भी व्यापक हो गया है। मेला क्षेत्र में चलने वाले अन्न क्षेत्र में लाखों श्रद्धालु परिवार और साथियों के साथ दिन, रात खाना खाते है।

पीठाधीश्वर स्वामी शंकराश्रम महराज ने बताया कि अन्न क्षेत्र चलने से मेला क्षेत्र में देश, विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को जलपान और खाने की असुविधा नही होती है और ना उनको परेशान होना पडता है। उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज में माघ मास में कल्पवास करते हुए अन्नदान से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

## आशुतोष ब्रह्मचारी को जान से मारने की धमकी

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन से जुड़े आशुतोष ब्रह्मचारी को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक अंजान व्यक्ति ने दो बाद मोबाइल पर कॉल कर पुलिस से की गई शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। साथ ही शिकायत वापस नहीं लेने पर हत्या करने की धमकी दी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने पुलिस आयुक्त से लिखित शिकायत कर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया कि मौनी अमावस्या पर वह अपने अनुनायियों के साथ संगम स्नान को शिविर से निकले थे।

पीपा पुल नंबर दो के पास कुछ लोगों ने रास्ता जाम किया था। रास्ता छोड़ने का आग्रह करने पर आशुतोष ब्रह्मचारी और उनके दो सेवादारों पर हमलाकर घायल कर दिया गया। उसी दिन शाम को आशुतोष ब्रह्मचारी ने झूंसी थाने में तहरीर दी थी। इसके अतिरिक्त फर्जी शंकराचार्य के विषय में एक अलग शिकायत प्रदेश सरकार को भी प्रेषित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन्हीं शिकायतों को वापस नहीं लेने पर फोन करने वाले अनजान व्यक्ति ने हत्या करवाने की धमकी दी।



## शूआट्स में अल्प उपयोग की जाने वाली सब्जी वर्गीय फसलों पर प्रशिक्षण और प्रदर्शन

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। प्रयागराज क्षेत्र में कुपोषण को कम कर, पोषण एवं समृद्धि की नई क्रांति को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद से वित्त पोषित शुआट्स में चल रही परियोजना 'प्रयागराज क्षेत्र की खाद्य, पोषण और आर्थिक सुरक्षा के लिए संभावित रूप से अल्प उपयोग की जाने वाली सब्जी फसलों की खेती और प्रवर्धन के बारे में किसानों को जागरूक, शिक्षित और प्रशिक्षित करना' के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण और प्रदर्शन का आयोजन 28 जनवरी 2026, दिन बुधवार को परियोजना के प्रमुख अन्वेषक (पी आई) दीपांशु, सह-प्राध्यापक और सह-अन्वेषक, डॉ. उर्फी फत्मी, सह-प्राध्यापक, डॉ. देवी सिंह, प्राध्यापक, उद्यान विभाग, शूआट्स, और डॉ. सी. जॉन वेस्ली, प्राध्यापक, जियोस्पेशियल प्रौद्योगिकी केंद्र, शूआट्स, द्वारा कराया जा रहा है। प्रयागराज क्षेत्र में पोषण एवं समृद्धि में बढ़ौतरी लाने के लिए इस एक दिवसीय प्रशिक्षण और प्रदर्शन में प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों से किसानों को आमंत्रित किया गया है। इसके अंतर्गत अल्प उपयोगी सब्जी वर्गीय फसलों की खेती, प्रवर्धन तथा उनके महत्व के बारे में विशिष्ट वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी जाएगी तथा विश्वविद्यालय में इस परियोजना से सम्बन्धित लगाई गई सब्जियों के क्षेत्र का दौरा, प्रदर्शन एवं व्यक्तिगत प्रशिक्षण दीपांशु द्वारा कराया जाएगा।

### बेटे को बचाने गई मां को दबंगों ने पीटा, महिला घायल

थरवई। थाना क्षेत्र के पंडिला बाजार में मंगलवार दोपहर दबंग युवकों ने एक महिला की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गई। घायल महिला उर्मिला देवी पत्नी राजेंद्र मोदनवाल निवासी पंडिला बाजार की रहने वाली हैं। पीड़िता के अनुसार उसका 10 वर्षीय पुत्र राधे कृष्ण घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान गांव के कुछ युवक किसी बात को लेकर नाराज हो गए और मासूम के साथ मारपीट करने लगे। बेटे की पिटाई होते देख मां उर्मिला देवी बीच-बचाव के लिए पहुंची तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी।मारपीट में उर्मिला देवी को चोटें आईं। पीड़िता ने थरवई थाने में आरोपितों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# आतंकवाद के खात्मे की राह में कई रोड़े, किश्तवाड़ हमले के बाद उठे कई सवाल

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया, जबकि सात अन्य घायल हो गए। सवाल है कि आखिर कश्मीर घाटी और देश के अन्य हिस्सों में आतंकवाद पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? आतंकियों पर लगाम कसने के सरकार के दावों के बीच इस तरह के नापाक मंसूबे कैसे फलीभूत हो पा रहे हैं, इस पर नए सिरे से मंथन की जरूरत है।

यह बात छिपी नहीं है कि भारत में आतंकवाद की जड़ें सीमा पार पाकिस्तान की जमीन में हैं। किश्तवाड़ जिले के सोननार क्षेत्र में जिन आतंकवादियों के साथ सुरक्षाबलों के जवानों की मुठभेड़ हुई, उनके विदेशी मूल के होने और पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की बात कही जा रही है।

सुरक्षाबलों ने इन आतंकियों की धर-पकड़ के लिए क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया था। घाटी में इस तरह के अभियान के दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की खबरें अक्सर आती रहती हैं। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि कश्मीर में सुरक्षाबलों का सूचना तंत्र मजबूत है, लेकिन इस तरह की वारदात में किसी जवान का शहीद हो जाना दुखद और चिंताजनक है। ऐसे में सीमा पार से आतंकी घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाना सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है।

केंद्र सरकार की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की बदौलत हाल के वर्षों में सीमा पर घुसपैठ की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग गया है। अगर यह सच है, तो फिर ज्यादातर वारदात में विदेशी आतंकियों का नाम सामने क्यों आता है? दावों और हकीकत के बीच के इस अंतर को समझने की जरूरत है। यह सवाल भी अहम है कि देश के भीतर सक्रिय आतंकियों के पास हथियार और गोला-बारूद कहां से आ रहा है और उनके वित्त पोषण का स्रोत क्या है!

आतंकी तंत्र के लिए हवाला के जरिए पैसे भेजने की बात जगजाहिर हो चुकी है, लेकिन अब इसमें क्रिप्टो करंसी का नाम भी जुड़ गया है। सुरक्षा एजंसियों ने दावा किया है कि जांच में 'क्रिप्टो हवाला' तंत्र का पता चला है, जो जम्मू-कश्मीर में विदेशी धन का अवैध प्रवाह कर रहा है। जाहिर है कि इस तरह के वित्त पोषण से न केवल आतंकियों के लिए हमले का सामान जुटाया जाता है, बल्कि अलगाववादी तत्त्वों को सक्रिय करने में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। सुरक्षाबलों के लिए यह एक नई चुनौती है।

आतंकवाद का बढ़ता खतरा अब वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। आधुनिक तकनीक के दुरुपयोग से यह खतरा और भी व्यापक एवं भयावह होता जा रहा है। आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देशों में भारत भी शामिल है। हालांकि, हाल के वर्षों में देश के भीतर आतंकी वारदात में संख्या की लिहाज से कमी आई है, लेकिन लक्षित हमलों को और ज्यादा भीषण बनाने के प्रयास बढ़े हैं। वर्ष 2016 में पठानकोट हमला, 2017 में अमरनाथ यात्रियों पर हमला, वर्ष 2019 में पुलवामा हमला और पिछले वर्ष पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाने की घटना इसका उदाहरण है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि सीमा पार से घुसपैठ रोकने के साथ आतंकियों के वित्तपोषण के तंत्र को तोड़ने के लिए व्यापक एवं प्रभावी रणनीति तैयार की जाए।



# अमेरिका की साम्राज्यवादी सोच के विरुद्ध बन रहे नए समीकरण

अमेरिकी ट्रम्प प्रशासन द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति श्री निकोलस मदुरो को रात्रि के समय में गिरफ्तार कर अमेरिका लाकर उन पर मुकदमा चलाया जाना एवं वेनेजुएला के तेल भंडार पर अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका का कब्जा स्थापित करने का प्रयास करना, अमेरिका की साम्राज्यवादी सोच को ही दर्शाता है। साथ ही, इसी क्रम में डेनमार्क द्वारा शासित ग्रीनलैंड द्वीप पर भी अमेरिका अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। सोचनीय विषय है कि डेनमार्क नाटो का सदस्य देश होने के चलते वह अमेरिका का मित्र राष्ट्र है और मित्र राष्ट्र की सीमाओं में घुसकर उसके आधिपत्य वाले क्षेत्र को अमेरिका द्वारा बलपूर्वक अपने देश की सीमा में शामिल करने का प्रयास करना उचित कदम नहीं कहा जा सकता है। कुछ समय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कनाडा के राष्ट्रपति को धमकी दी थी कि अमेरिका कनाडा को अपना 51वां राज्य बनाना चाहते हैं। ध्यान रहे कनाडा भी अमेरिका के मित्र राष्ट्र के देशों की सूची में शामिल है। परंतु, जब अमेरिका जैसा देश साम्राज्यवादी सोच के आधार पर निर्णय लेने लगते हैं, तो मित्र राष्ट्र का ध्यान भी नहीं रह पाता है।

अमेरिका द्वारा हाल ही में ब्रिक्स के सदस्य देशों (भारत, रूस, चीन एवं ब्राजील) पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की धमकी देना केवल अमेरिका के व्यापार नीति नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित करने की सीधी कोशिश है। 500 प्रतिशत का यह टैरिफ रूस, चीन, ब्राजील और भारत पर नहीं बल्कि ब्रिक्स के सदस्य देशों द्वारा डीडोलराईजेशन की ओर अपने कदम बढ़ाने को रोकने का एक प्रयास है। ब्रिक्स के सदस्य देश आपस में किए जाने वाले विदेश व्यापार का एक दूसरे को भुगतान अब स्थानीय मुद्रा में करते दिखाई दे रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। ब्रिक्स की मुद्रा व्यवस्था, स्थानीय मुद्रा व्यापार सम्बंध एवं डॉलर मुक्त भुगतान व्यवस्था अमेरिका के लिए एक रणनीतिक खतरे के रूप में उभर रही है। इसीलिए अमेरिका छोटे देशों की तरह ही बड़े देशों को भी अनुशासित करना चाहता है। परंतु, यहां अमेरिका यह भूल जाता है कि वेनेजुएला, डेनमार्क, क्यूबा, मेक्सिको आदि छोटे देश हैं जो अपनी जरूरतों के लिए अमेरिका पर निर्भर हैं परंतु भारत, चीन, रूस एवं ब्राजील जैसे बड़े देशों पर अमेरिका का दबाव काम नहीं कर पाएगा। ट्रम्प प्रशासन की वर्तमान विदेश नीति को 20वीं सदी की 'हस्तक्षेपवाद.2' की नीति कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। पिछले 250 वर्षों में अमेरिका ने विश्व के अन्य देशों में 400 बार हस्तक्षेप किया है। अमेरिका के लिए यह एक पैटर्न है आश्चर्य में डालने वाली घटना नहीं है। अमेरिका ने पूर्व में भी आर्थिक दबाव डालकर एवं सैन्य हस्तक्षेप के माध्यम से अन्य देशों में सत्ता परिवर्तन कराने में भी सफलता हासिल की है। और, यह पैटर्न आज भी जारी है। अमेरिका भारत एवं चीन पर केवल इस कारण से भी 500 प्रतिशत टैरिफ लगाना चाहता है क्योंकि ये देश रूस से भारी मात्रा में कच्चा तेल आयात करते हैं। आज के इस युग में अब अमेरिका निर्णय लेगा कि किस देश को कच्चा तेल किस देश से खरीदना है। यह साम्राज्यवाद अथवा अधिनायकवाद की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है?

इसी प्रकार, ट्रम्प प्रशासन द्वारा विश्व के 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अमेरिका की सदस्यता को समाप्त करना भी वैश्विक व्यवस्था का पुनर्निर्माण नहीं बल्कि अमेरिका का विश्व में एक छत्र राज्य स्थापित करने की सोच का नतीजा हो सकता है। अमेरिका किसी भी अन्य ब्लाक अथवा देश के साथ मिलकर विश्व पर अपना प्रभुत्व स्थापित नहीं करना चाहता है बल्कि अमेरिका चाहता कि चीन, रूस एवं भारत मिलकर विश्व में शक्ति की एक धुरी बनें। साथ ही, ट्रम्प यह भी नहीं चाहता कि भारत वैश्विक स्तर पर अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बढ़ाने में सफल हो तथा डीडोलराईजेशन की व्यवस्था गति पकड़े और यूरोपीय यूनियन के देश अपनी स्वतंत्र विदेश नीति बनाएं। यूरोपीय यूनियन के देशों पर अमेरिका अपना प्रभाव बनाए रखना चाहता है।



केवल अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है। इस रणनीति के अंतर्गत वैश्विक संगठनों एवं संस्थाओं को कमजोर करने के एकपक्षीय अमेरिकी शक्ति मॉडल को लागू करना ही मुख्य लक्ष्य हो सकता है।

आज अमरीका में ट्रम्प प्रशासन इससे भी परेशान है कि आर्थिक शक्ति का केंद्र पश्चिमी देशों से पूर्वी देशों की ओर खिसकता जा रहा है। इससे ट्रम्प को पूरे विश्व में अमेरिका का आधिपत्य स्थापित करने की रणनीति को धक्का लगता हुआ दिखाई दे रहा है। संख्या, जनसंख्या, संसाधन एवं बाजार के आधार पर आगे आने वाला भविष्य पूर्व के आस पास दिखाई देता है, अमेरिका वैश्विक स्तर पर अपने प्रभुत्व को किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहता है। अमेरिका आज नहीं

परंतु, अब तो यूरोपीय यूनियन के देश भी अपने सुरक्षा बजट में अतुलनीय वृद्धि करते हुए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि अमेरिका पर इन देशों का विश्वास कम हो गया है। ट्रम्प चूंकि बहुध्रुवीय व्यवस्था में विश्वास नहीं करते हैं और यह व्यवस्था उनके लिए असहनीय है अतः ट्रम्प समस्त देशों पर टैरिफ युद्ध छेड़कर उन्हें दबाव में लाना चाहते हैं ताकि अमेरिका पूरे विश्व में अपना एक छत्र राज्य स्थापित कर सके। इसीलिए ट्रम्प आज पूरे विश्व में नियंत्रित अशांति चाहता है। दरअसल, आज अमेरिका की आक्रामक साम्राज्यवादी टैरिफ नीति भी वैश्विक अस्थिरता की सबसे बड़ी जड़ के रूप में उभर रही है।

इसी क्रम में, अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर सैन्य कार्यवाही कर ग्रीनलैंड पर अपना आधिपत्य स्थापित करने की कार्यवाही नाटो जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थान को तोड़ सकती है। नाटो के सदस्य देशों ने स्पष्ट रूप से कहा भी है कि अमेरिका का ग्रीनलैंड पर हमला नाटो के सदस्य देशों पर किया गया हमला माना जाएगा। इससे यूरोपीयन देशों एवं अमेरिका के बीच दुर्लभ एवं खतरनाक तनाव दिखाई दे रहा है।

वैश्विक स्तर पर वर्तमान में उभर रही परिस्थितियों को सर्वांगी कूटनीतिक युद्ध की श्रेणी में रखा जा सकता है। इस सर्वांगी कूटनीतिक युद्ध में कच्चे तेल की उपलब्धता पर अपना नियंत्रण बनाए रखना, डॉलर पर अमेरिकी प्रभाव को बनाए रखने के प्रयास ताकि वैश्विक स्तर पर अमेरिका का मुद्रा पर नियंत्रण लगातार आगे भी बना रहे, समुद्री मार्गों पर अपना प्रभुत्व स्थापित करना, तकनीकी सम्पदा को अपने कब्जे में रखना, वैश्विक सप्लाई चैन को प्रभावित करना एवं आरटीफिशीयल इंटेलिजेन्स आदि के माध्यम से ट्रम्प अन्य देशों पर दबाव बनाकर उन्हें अपने प्रभाव में लेने का प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसलिए आज प्रत्यक्ष युद्ध नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति संरचना को पुनर्गठित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस रचना में ट्रम्प अपने आप को वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। वास्तव में अमेरिका चाहता है कि दुनिया फिर से उसी मोड़ में लौट आए, जहां वित्त, व्यापार, सैन्य गठबंधन और तकनीक सब उसकी चौखट पर खड़े हों। आज अमेरिका का लक्ष्य सम्भवतः तीसरा विश्व युद्ध नहीं बल्कि वैश्विक व्यवस्था को अमेरिका के प्रभुत्व में पुनर्गठित करना है।

अमेरिका का 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अपने आप को अलग करने के क्रम में अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस से बाहर निकलना पूरे विश्व को स्पष्ट संदेश देता है कि अमेरिका की अब पर्यावरण के क्षेत्र में किए जाने वाले सुधार कार्यक्रमों में भी कोई दिलचस्पी नहीं है तथा वह इस अलायंस को दी जाने वाली अमेरिकी मदद को रोकना चाहता है और वैश्विक स्तर पर केवल अपने प्रभाव को बढ़ाने में ही अपनी पूरी शक्ति लगाना चाहता है। विश्व के भले की बात भी अब अमेरिका को नागवार गुजर रही है। जबकि आज जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक संकट को कम करने अथवा दूर करने में समस्त देशों का आपसी सहयोग अति आवश्यक है। भारत एवं फ्रान्स के संयुक्त नेतृत्व में बनाया गया यह मंच विकासशील देशों के लिए उम्मीद की किरण बन रहा है।

विश्व के अन्य देशों में यह भावना विकसित हो रही है कि आज वैश्विक स्तर पर एक ऐसी दुनिया विकसित होती दिखाई दे रही है जिसमें अमेरिका अकेला खड़ा हो एवं विश्व के अन्य समस्त देश आपस में तालमेल रखते हुए अपने विकास को गति दें। वैसे भी, विश्व पहले से ही इस मुहाने पर आकार खड़ा है जहां अकेले चलना बहुत मुश्किल है हर पग पर विभिन्न देशों को अन्य देशों के सहायता की अति आवश्यकता है। एक दूसरे के सहयोग के बिना सम्भवतः कोई भी देश आज आर्थिक विकास के पथ पर अपनी दौड़ को गति प्रदान नहीं कर पाएगा। इसीलिए वैश्विक स्तर पर आज नए नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका को छोड़कर ये देश आपस में मुक्त व्यापार समझौते तेजी से सम्पन्न कर रहे हैं ताकि ये, अपने देश के आर्थिक विकास की गति को तेज कर सकें।

# महाराष्ट्र के शहरी मतदाताओं ने आखिरकार पुराने धुरंधरों की हवा क्यों निकाल दी?

महाराष्ट्र में हुए नगरपालिका चुनाव 2026 के नतीजों ने राज्य की राजनीति में एक नया मोड़ ला दिया है। इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा व्यापक प्रदर्शन किया है जिसने दशकों से मजबूत माने जाने वाले राजनीतिक नामों और परिवारों की पकड़ को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक भाजपा की जीत ने यह संकेत दे दिया है कि मतदाता अब परंपरागत पहचान से अधिक शासन और विकास के मुद्दों को महत्व दे रहे हैं।

इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा बृहन्मुंबई महानगरपालिका को लेकर रही। यह नगर निकाय न केवल देश का सबसे बड़ा नगर निकाय है बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति का भी केंद्र माना जाता है। लंबे समय से यहां ठाकरे परिवार के नेतृत्व वाली राजनीति का दबदबा रहा है। लेकिन इस बार के नतीजों में भाजपा ने मजबूत बढ़त बनाकर यह स्पष्ट कर दिया कि मुंबई की राजनीतिक हवा बदल रही है। भाजपा की यह सफलता केवल सीटों की संख्या तक सीमित नहीं रही बल्कि उसने मनोवैज्ञानिक बढ़त भी हासिल की है।

मुंबई के अलावा पुणे और पिंपरी चिंचवड़ जैसे शहरों में भी भाजपा का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। ये क्षेत्र पारंपरिक रूप से पवार परिवार के प्रभाव वाले माने जाते रहे हैं। यहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों का लंबे समय तक नियंत्रण रहा है। लेकिन इस चुनाव में भाजपा ने इन गढ़ों में सेंध लगाकर यह साबित कर दिया कि उसका संगठनात्मक विस्तार और जमीनी रणनीति अब पूरे राज्य में असर दिखा रही है।

नागपुर, नासिक और अन्य प्रमुख नगर निकायों में भी भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने स्पष्ट बहुमत या मजबूत स्थिति हासिल की है। इन नतीजों से यह संकेत मिलता है कि शहरी मतदाता भाजपा के विकास आधारित प्रचार और नेतृत्व से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता और डिजिटल सेवाओं जैसे मुद्दे चुनाव के दौरान प्रमुखता से उठे और मतदाताओं ने इन्हीं आधारों पर मतदान किया।

चुनाव परिणाम आने के बाद सत्तारूढ़ दल की ओर से इसे जनता का विश्वास बताया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि यह जीत सुशासन, पारदर्शिता और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। महायुति के नेताओं ने कहा कि शहरी मतदाता अब जाति या परिवार आधारित राजनीति से आगे बढ़कर परिणाम आधारित राजनीति को तरजीह दे रहा है।

वहीं विपक्षी दलों के लिए यह परिणाम आत्ममंथन का विषय बन गया है। ठाकरे और पवार नाम जो कभी महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे मजबूत ब्रांड माने जाते थे, वह इस चुनाव में अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखा सके। कई स्थानों पर उनकी पार्टियों को न केवल सीटों का नुकसान हुआ बल्कि कार्यकर्ताओं का मनोबल भी प्रभावित हुआ है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह स्थिति केवल एक चुनावी हार नहीं है बल्कि बदलते सामाजिक और राजनीतिक रुझानों का संकेत है।

विशेषज्ञों के अनुसार भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में शहरी क्षेत्रों में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत किया है। नए मतदाताओं, युवा वर्ग और मध्यम वर्ग को लक्षित कर पार्टी ने योजनाबद्ध तरीके से प्रचार किया। सोशल मीडिया माध्यमों से स्थानीय मुद्दों को उठाया गया और जमीनी संपर्क के जरिए पार्टी ने अपनी उपस्थिति को मजबूत किया। इसका सीधा असर चुनाव नतीजों में देखने को मिला है।

वहीं पवार परिवार के प्रभाव वाले क्षेत्रों में हालांकि कुछ जगहों पर विपक्ष ने सम्मानजनक प्रदर्शन किया लेकिन कुल मिलाकर उनकी पकड़ कमजोर पड़ती दिखी। पुणे और आसपास के क्षेत्रों में जो कभी उनका मजबूत आधार माने जाते थे वहां भी मतदाताओं का रुझान बदलता नजर आया। यह बदलाव बताता है कि स्थानीय मुद्दों पर सक्रियता और निरंतर संपर्क अब चुनाव जीतने में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

इन चुनावों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए यह परिणाम एक संकेत के रूप में देखे जाएंगे। भाजपा के लिए यह जीत आत्मविश्वास बढ़ाने वाली है जबकि विपक्ष के लिए यह चेतावनी है कि यदि रणनीति और नेतृत्व में बदलाव नहीं किया गया तो भविष्य की राह और कठिन हो सकती है।

कुल मिलाकर महाराष्ट्र नगरपालिका चुनाव 2026 ने राज्य की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत का संकेत दिया है। यह चुनाव केवल नगर निकायों के गठन तक सीमित नहीं रहा बल्कि इसने यह दिखा दिया कि महाराष्ट्र का शहरी मतदाता अब अधिक सजग और मांग करने वाला हो गया है। विकास सुशासन और स्थिर नेतृत्व जैसे मुद्दे अब राजनीति के केंद्र में आ चुके हैं और इन्हीं के आधार पर आने वाले वर्षों की राजनीति की दिशा तय होती नजर आ रही है।

देखा जाये तो महाराष्ट्र के नगरपालिका चुनाव राज्य की राजनीति के बदलते चरित्र का स्पष्ट संकेत भी हैं। इन नतीजों ने यह सवाल सामने खड़ा कर दिया है कि क्या परंपरागत राजनीतिक पहचान और पारिवारिक प्रभाव अब शहरी राजनीति में अपना असर खोते जा रहे हैं। चुनाव परिणामों से यही प्रतीत होता है कि मतदाता अब नाम नहीं बल्कि काम को प्राथमिकता देने लगे हैं।

शहरी क्षेत्रों में रहने वाला मतदाता आज अधिक सजग है। वह सड़क, पानी, सफाई, परिवहन और डिजिटल सेवाओं जैसे रोजमर्रा के मुद्दों पर सीधा जवाब चाहता है। ऐसे में जो दल इन विषयों पर स्पष्ट योजना और क्रियान्वयन की बात करता है उसे स्वाभाविक रूप से लाभ मिलता है। इस चुनाव में यही रुझान साफ दिखाई दिया। मतदाताओं ने भावनात्मक अपील से अधिक प्रशासनिक क्षमता को महत्व दिया।

विपक्षी दलों के लिए यह समय आत्ममंथन का है। लंबे समय तक जिन नामों और विरासतों के सहारे राजनीति चलती रही अब वे अकेले जीत की गारंटी नहीं रहे। संगठन की कमजोरी, जमीनी संपर्क की कमी और बदलते मतदाता वर्ग को न समझ पाना इन दलों के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभरा है।

# 444 दिन तक सुपर पावर को घुटनों पर ला खड़ा किया, जब ईरान ने दुनिया को दिखाई अपनी जुर्रत

4 नवंबर 1979 अमेरिका के विदेश मंत्रालय में टेलीफोन की घंटी बजती है। फोन ईरान के अमेरिकी दूतावास से था और कॉल पर ऑफिसर एलिजाबेथ स्विफ्ट थीं। एक ही सांस में उन्होंने कहना शुरू किया कि ईरानियों ने हमला कर दिया है। भीड़ दीवार फांद कर अंदर घुस रही है। दूतावास पर कभी भी कब्जा हो सकता है। स्विफ्ट अभी फोन पर ही थी, तभी ईरानियों ने दूतावास की पहली मंजिल में आग लगा दी। सभी कर्मचारी बाहर की तरफ भागे। दूतावास के स्टाफ को मेन गेट खोलना पड़ा। फोन कटने से पहले स्विफ्ट के आखिरी शब्द थे- वी आर गोइंग। डाउन दूतावास तबाह होने वाला था। अगले कुछ मिनटों में अमेरिकी डिप्लोमेट्स और कर्मचारियों को बंधक बना लिया गया। उनकी आँखों पर पट्टी बांध दी गई। ना उन्हें कुछ देखने की इजाजत थी ना ही कुछ बोलने की। यह खबर जैसे ही अमेरिका तक पहुंची पूरी सरकारी मशीनरी सक्रिय हो गई। राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर पल-पल की खबर ले रहे थे। कुछ देर बाद अचानक उनकी नजर टीवी स्क्रीन पर पड़ी जो नजारा दिखा उसने दुनिया के सबसे ताकतवर आदमी के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी। तेहरान में अमेरिकी नागरिकों, राजदूतों और कर्मचारियों को परेड कर ले जाया जा रहा था। पीछे भीड़ उनकी मौत के नारे लगा रही थी। पूरी दुनिया यह नजारा देख रही थी, सुपर पावर अमेरिका को ईरान ने घुटनों पर ला दिया था।

1953 से ईरान में तेल की खोज हुए लगभग आधी सदी बीत चुकी थी सा खेल तेल का ही था तेल जिसे देख अमेरिका और ब्रिटेन की लार टपक रही थी दुनिया भर में इन दो देशों की रंगबाजी उस वक्त भी टाइट थी जल्द ही इन पेट्रोलियम भंडारों पर अमेरिका और इंग्लैंड की कंपनियों का कब्जा हो गया फिर 1951 में ईरान में हुए इलेक्शन प्रधानमंत्री बने मोहम्मद मोसादेक की पढ़ाई भले ही यूरोप में हुई थी लेकिन इंसान वो राष्ट्रवादी सोच के थे लंबे वक्त से तेल इंडस्ट्री पर अमेरिका का कब्जा था जिसकी वजह से से ईरान को हो रहा था नुकसान मोसादेक ने प्रधानमंत्री बनते ही सबसे पहले तेल इंडस्ट्री के राष्ट्रीयकरण का ऐलान कर दिया। मतलब यह कि तेल इंडस्ट्री पर ईरानी सरकार का कंट्रोल हो गया। मोसादेक का यह फैसला अमेरिका और इंग्लैंड को कांटे की तरह चुभने लगा। जब दाल गलने बंद हुई तो अमेरिका ने इंग्लैंड के साथ मिलकर रच डाली एक साजिश अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए और ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआई6 ने अपने रास्ते के कांटे मोसादेक को हटाने की योजना बनाई।

मोसादेक के खिलाफ ईरान में बगावत भड़का कर तख्ता पलट करवाना था और उनकी जगह पर बिठाना था एक ऐसा शख्स जो अमेरिका और इंग्लैंड की कठपुतली हो साथ ही दोनों देशों की जेब का भी ध्यान रखें। मोसादेक के खिलाफ हवा चलने लगी। सन 1953 में एक रात उन्हें घर से गिरफ्तार कर लिया गया। मूसादेक पर मुकदमा चला उन्हें जीवन भर के लिए अपने घर पर नजर बंद कर दिया गया। मोसादेक का तख्ता पलट हो चुका था। तख्ता पलट के बाद अगस्त 1953 में ईरान की गद्दी पर बैठे मोहम्मद रजा शाह पहलवी शाह पूरी तरह से अमेरिका और इंग्लैंड की कठपुतली साबित हुए लाखों डॉलर विदेशी सहायता के बदले उन्होंने फिर से ईरान की तेल इंडस्ट्री दोनों देशों को सौंप दी। ईरान के करीब 80 फीदी तेल भंडार पर अमेरिका और ब्रिटेन का दोबारा कब्जा हो गया।

1 अप्रैल 1979 को ईरान को एक इस्लामिक रिपब्लिक घोषित कर दिया गया। लेकिन खुमैनी का बदला अभी पूरा नहीं हुआ था वह शाह पहलवी को सबक सिखाना चाहते थे साथ ही अमेरिका को भी अब अमेरिका को क्यों क्योंकि शाह कैंसर का इलाज कराने के बहाने ईरान से भागकर अमेरिका चले गए थे उस वक्त अमेरिका के राष्ट्रपति थे जिमी कार्टर ईरान ने अमेरिका से शाह को लौटाने के लिए कहा लेकिन अमेरिका ने ऐसा करने से मना कर दिया क्रांति के बाद दोनों देशों के बीच डिप्लोमेटिक रिलेशंस खत्म हो चुके थे पर खुमैनी को बदला लेना ही था। 4 नवंबर 1979 को वह दिन भी आ गया सुबह-सुबह एक भीड़ अमेरिकी दूतावास की तरफ बढ़ने लगी। यह प्रदर्शनकारियों की भीड़ थी। इस भीड़ को खुमैनी का मौन समर्थन प्राप्त था। देखते ही देखते सभी डिप्लोमेट्स और कर्मचारियों को बंदी बना लिया गया जो संख्या में 66 थे।



दोनों खेमें अपनी-अपनी रणनीति बना रहे थे कि तभी फिल्मी स्टाइल में एक ऑपरेशन को अंजाम दिया गया जिन दिनों ईरान में यह हॉस्टेज क्राइसिस चल रहा था उन्हीं दिनों कनाडा से एक फिल्म क्रू ईरान में शूटिंग के लिए आया हुआ था वह लोग स्टार वस की तर्ज पर एक फिल्म बना रहे थे जिसके कुछ सीन की शूटिंग तेहरान में होनी थी। क्रू कुछ दिन ईरान में रुककर वापस चला गया दो महीने बाद ईरान को पता चला कि असल में उनके साथ तो खेल हो गया है फिल्म के नाम पर छह अमेरिकी ईरान से भाग निकले। इस ऑपरेशन की सफलता के बावजूद 52 अमेरिकी नागरिक अभी भी ईरान में फंसे हुए थे। इन्हें छुड़ाने के लिए प्रेसिडेंट जिमी कार्टर ने सारे दांव पेंज खेल डाले लेकिन ईरान टस से मस नहीं हुआ अमेरिका ने तेल की इंपोर्ट पर रोक लगा दी। अमेरिका में ईरान के सारे 183 डिप्लोमेट्स को हटा दिया गया। अमेरिका ने जब सैन्य कारवाई की धमकी दी तो ईरान ने पलटकर खुद चेतावनी दे डाली कि अगर ऐसा किया तो सभी बंधकों को अमेरिकी दूतावास में आग लगाकर मार डालेंगे। 1980 में जिमी कार्टर अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव हार गए और रोनाल्ड रेगन नए राष्ट्रपति बने अमेरिका ने इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस का दरवाजा खटखटाया 24 मई 1980 को कोर्ट ने कहा कि ईरान बंधकों को रिहा करें बदले में अमेरिका भी ईरान की जब्त की गई संपत्ति को वापस लौटाए। 1980 को खुमैनी ने कुछ शर्तों के साथ बंधकों की रिहाई कबूल की अब उनकी शर्तें थी पहली शर्त अमेरिका शाह की सारी संपत्ति ईरान को लौटाए दूसरी ईरान पर वह किसी भी तरह का दावा नहीं करेगा तीसरी अमेरिका में जब्त की गई ईरान की संपत्ति वापस की जाएगी और चौथी अमेरिका ईरान में किसी भी तरह का हस्तक्षेप ना करने की गारंटी देगा। खुमैनी की शर्तों को मानने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया और 20 जनवरी 1981 को अमेरिकी बंधकों को ईरान ने छोड़ दिया इस तरह पूरे 444 दिन चलने के बाद ईरान हॉस्टेज क्राइसिस खत्म हुआ। ईरान अमेरिका रिलेशन के इतिहास में यह घटना बहुत मायने रखती है इस घटना के बाद ईरान अमेरिका का दुश्मन बन गया।

ईरान पिछले करीब 2025 दिन से उबल रहा है। देश के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह अली हुसैनी खमेई के खिलाफ लाखों लोग सड़क पर हैं। हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। ट्रंप भी दखल दे चुके हैं। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के बाद मेक ईरान ग्रेट अगेन की बात करते हुए अमेरिका प्रदर्शनकारियों के साथ आ गया है। खुद ईरान के राष्ट्रपति मसूद पर शेखियान प्रदर्शनकारियों के समर्थन में बयान दे रहे हैं। इसके बावजूद ईरान में कोई तख्ता पलट नहीं हो पाया है और अभी दूर-दूर तक इसके आसार भी नजर नहीं आ रहे हैं। तो सवाल है कि क्यों? आखिर ईरान में अयातुल्लाह अली खमेई के खिलाफ चल रहा प्रदर्शन इतना घातक क्यों नहीं हो पा रहा कि खामनेई को झुकना पड़े।

साल 2024 की शुरुआत से ही ईरान के लोग बढ़ती महंगाई, रियाल की गिरती कीमतें, बिजली और गैस की बाधित होती सप्लाई से परेशान होना शुरू हो गए थे। पानी की भी किल्लत हो गई थी। जिसने लोगों का जीना मुहाल कर दिया था। बची खुची कसर अमेरिका और ईरान के झगड़े के दौरान पूरी हो गई जब अमेरिकी हमले में ईरान का न्यूक्लियर प्लांट तबाह हो गया और फिर सितंबर 2025 में वो हो गया जिसका ईरान को कभी अंदाजा भी नहीं था। सितंबर 2025 में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वह सभी पुराने प्रतिबंध फिर से लागू कर दिए जिन्हें साल 2015 में ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस ने पूरी तरह से हटा दिया। दिसंबर के शुरुआत होते-होते ईरान की मुद्रा रियाल ऐतिहासिक तौर पर नीचे चली गई। इसके बाद तो ईरान आर्थिक तौर पर ऐसा कमजोर हुआ कि वहां के लोग ही सड़क पर उतर आए। इसकी शुरुआत हुई 28 दिसंबर 2025 को ईरान की राजधानी तेहरान से जहां दुकानदारों ने ग्रैंड बाजार में प्रदर्शन शुरू किया और इसे शुरू किया ईरान के बाहर से आए इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने वाले दुकानदारों ने जिन्हें गिरते हुए रियाल की कीमत की वजह से बेहद महंगे दाम पर सामान खरीदना पड़ा। ऐसे में उन्होंने दुकानें बंद कर दी। हड़ताल शुरू की और दूसरे लोगों को भी इस प्रदर्शन में शामिल होने को कहा। फिर तो आंदोलन यूनिवर्सिटी तक पहुंच गया। हालांकि शुरुआत में यह प्रदर्शन बेहद छोटे स्तर के थे। इसमें सरकार विरोधी नारों के बीच एक और नारा उछलना शुरू हुआ। नीदर गाज़ा नॉर लेबनान माय लाइफ और ईरान। नारा इसलिए उछला था क्योंकि इजराइल और गजा के बीच चल रहे संघर्ष में ईरान ने खुद को भी शामिल कर लिया था।

# सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग सुधार को लेकर डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा सम्पन्न

## निर्माण कार्यों में जनपद में 'ए' रैंक व प्रदेश में तीसरा स्थान, आने पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दी बधाई

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की मासिक समीक्षा सहित निर्माणाधीन निर्मित 61 परियोजनाओं के सत्यापन समीक्षा जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों के सतत् प्रयास से माह दिसम्बर में जनपद के रैंकिंग 12वें स्थान आने पर अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि रैंकिंग में सुधार लाये। जनपद की निर्माणाधीन महत्वपूर्ण 61 परियोजनाओं का जिलाधिकारी समीक्षा की गयी। जिसमें सभी कार्य को समय के साथ गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माण कार्य में जनपद 'ए' रैंक प्राप्त होने तथा प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त होने पर अधिकारियों को बधाई दी, कहा की जनपद के लिए उपलब्धि है।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सीएम डैशबोर्ड समीक्षा के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग से दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि सभी प्राप्त आवेदनों के सत्यापन शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया। पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान लम्बित योजनाओं के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग की नई सड़के के कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए व्यय के अनुरूप गुणवत्तायुक्त व समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित कराये। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क निर्माण कार्य जो पूर्णता के रूप में है। उन्हें शीघ्र पूर्ण कर मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अंकित किया जाय। जिससे जनपद की रैंकिग में सुधार हा सके। उद्योग विभाग को टूलकिट वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिये। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिए जोड़ों का आवेदन



व सत्यापन शीघ्र पूर्ण कराने एवं तिथि निर्धारित कर सामूहिक विवाह सम्पन्न कराये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित सभी सूचनाएं समयबद्ध व शत्-प्रतिशत अद्यतन रहनी चाहिए। शासन की प्राथमिक योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नही की जायेगी। जल निगम विभाग की समीक्षा के दौरान जयरामपुर पेयजल योजना, जद्दूपुर पेयजल योजना, एवं गहरपुर पेयजल योजना का कार्य माह फरवरी तक शत्-प्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश अधिशासी अभियंता जल निगम को दिया। राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड गत माह की प्रगति से वर्तमान तक निर्माण कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी पायी गयी है व बैठक में अनुपस्थित रहने पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया।

ए श्रेणी से नीचे रहने वाले 05 विभागों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अगले माह प्रथम श्रेणी में आने को निर्देशित किया। डी श्रेणी में ओ0डी0ओ0पी0 टूलकिट योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, सिंचाई विभाग टेल फीडिंग रबी फसली, सी श्रेणी में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, नियोजन विभाग फेमली आई0डी0, बी श्रेणी में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत सेतु का निर्माण, समाज कल्याण अनुसूचित जनजाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह से सम्बन्धित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने सुधार लाते हुए अगले माह अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया।

सीएम डैशबोर्ड के अन्तर्गत बिलम्बित परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कार्यदायी विभूति नारायण राजकीय इण्टर कालेज में मल्टी पर्पज हाल, शौचालय, प्रयोगशाला, पुस्तकालय 04 कार्य प्रगति पर है। निर्माधीन/निर्मित परियोजनाओं के सत्यापन सम्बन्धी प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों में कोई नई परियोजना आ रही है तो डीएसटीओ के माध्यम से जिला प्रशासन से अवलोकित अवश्य कराकर कार्य प्रारम्भ करें। साथ ही सम्बन्धित जॉच अधिकारियों को निर्देश दिया कि मौके पर जो भी कार्य हो रहा है उस कार्य का डाईग चार्ट, स्टीमेट, कार्य प्रोवेजन सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से अवश्य प्राप्त कर ली जाय। उसी के अनुसार कार्य सुनिश्चित कराये। विलम्बित होने वाली कार्यो पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-सीमा के भीतर मानक गुणवत्ता के अनुरूप कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित कराये। इस कार्य में लापरवाही, शिथिलता कत्तई बर्दाश्त नही की जायेगी।

महराजा बलवन्त सिंह में 02 स्वतंत्र फीडर को विद्युत विभाग को हैडओवर करने का निर्देश दिया। हेल्थ यूनिट दुर्गागंज भवन निर्माण फरवरी तक पूर्ण कराने पर बल दिया गया। जिला कारागार में निर्माणाधीन भवन में कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड को भदोही में ऑफिस खोलकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का डीएम ने निर्देश दिया। किसान कल्याण केन्द्र व कल्याण मण्डपम को अविलम्ब पूर्ण करने पर बल दिया गया। काशीराज संस्कृत महाविद्यालय एवं ज्ञानपुर बस स्टैण्ड के निर्माण कार्यो के प्रगति पर जोर दिया गया।

## औराई में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। तहसील औराई के ग्राम कैयरमऊ में अवैध खनन की सूचना पर प्रशासन द्वारा छापेमार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध मिट्टी का परिवहन करते हुए 06 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं।

पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस की सहायता से थाना औराई में सीज कर दिया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



## क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष सुरियावां द्वारा चौकीदारों को टॉर्च, कंबल, लाठी व आईडी कार्ड का हुआ वितरण

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अशोक कुमार मिश्रा क्षेत्राधिकारी भदोही व थानाध्यक्ष सुरियावां द्वारा थाना सुरियावां पर थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कार्यरत 47 ग्राम प्रहरियों (ग्राम चौकीदार) के कर्त्तव्य पालन हेतु टॉर्च, कंबल, लाठी व आईडी कार्ड का वितरण किया गया।



टॉर्च, कंबल, लाठी व आईडी कार्ड को पाकर चौकीदारों द्वारा क्षेत्राधिकारी भदोही व थानाध्यक्ष सुरियावां का हृदय से धन्यवाद किया गया। क्षेत्राधिकारी भदोही द्वारा अवगत कराया गया कि चौकीदार हमारे पुलिस विभाग की सबसे प्रथम कड़ी हैं। पुलिस विभाग से ग्राम प्रहरियों को जोड़ने एवं प्रोत्साहन हेतु संवाद स्थापित कर उन्हें सम्मानित किया गया ताकि भविष्य में ग्रामीण क्षेत्र में घटित कोई भी छोटी से छोटी घटना की सूचना ग्राम प्रहरियों(चौकीदोरों) के माध्यम से जनपदीय पुलिस को तत्काल प्राप्त हो सके। जिससे जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

## अवैध मदिरा तस्करी के खिलाफ आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई, देर रात चला चेकिंग अभियान

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। आबकारी आयुक्त एवं जिलाधिकारी भदोही के आदेश तथा संयुक्त आबकारी आयुक्त वाराणसी जोन और उप आबकारी आयुक्त मीरजापुर के निर्देश पर जनपद भदोही में अवैध मदिरा की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु लगातार प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम सोमवार की रात एक बजे तक आबकारी विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।



जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक रजनीश कुमार पाण्डेय एवं आबकारी निरीक्षक अनिल कुमार सूर्यभान ने स्टाफ के साथ लालानगर चेकपोस्ट पर वाहनों की गहन जांच की। अभियान में प्रधान आबकारी सिपाही/आबकारी सिपाही उदय सिंह, पवन मिश्रा, भाई लाल सरोज, तौकीर खां एवं अरशद जमाल शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त कौलापुर स्थित कम्पोजिट दुकान, देशी शराब दुकान कौलापुर एवं गोपीगंज नंबर-4 की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्यूआर कोड का मिलान कर स्टॉक का सत्यापन किया गया तथा विक्रेताओं को नियमों के अनुरूप दुकान संचालन के निर्देश दिए गए।

### मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0

## महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु किया जा रहा जागरूक

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।



## भटके बालक को पुलिस ने आधे घंटे में मिलाया

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। थाना औराई क्षेत्र के ग्राम जोगीबारी से गुम हुए 08 वर्षीय बच्चे को पीआरवी 5075 के पुलिसकर्मियों ने सूचना मिलते ही सक्रियता दिखाते हुए मात्र 30 मिनट में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की तत्परता व मानवतापूर्ण कार्य की परिजनों ने सराहना की। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पीआरवी कर्मियों आ. मनोज सहरावत व हो. जटाशंकर मौर्य की सराहनीय कार्यवाही की प्रशंसा की।



# गणतंत्र दिवस को पारंपरिक उल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाए जाने की तैयारियों विषयक एडीएम ने की बैठक

## संवैधानिक मूल्यों व आदर्शों पर होंगे विविध कार्यक्रम-अपर जिलाधिकारी

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। गणतंत्र दिवस को पारंपरिक उल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से भव्यता के साथ वंदेमातरम के 150 वर्ष थीम पर मनाए जाने की तैयारियों विषयक जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) कुंवर वीरेंद्र मौर्य व अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई ।

बैठक में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या (25 जनवरी 2025 ) को विभूति नारायण राजकीय इण्टर कालेज ज्ञानपुर में स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों की स्मृति में प्रधानाचार्य द्वारा सायं 05 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कराया जायेगा । प्रातः7 बजे जिला स्टेडियम से देवनाथपुर तक क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे ।इसके लिए ट्रैफिक पुलिस व एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक / जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भदोही को निर्देशित किया गया कि एन0सी0सी0 कैडेट स्काउट लखनो तिराहे से कलेक्ट्रेट मुख्यालय तक प्रातः 7:00 से 8:00 तक प्रभात फेरी का आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगें । समस्त सरकारी /अर्द्धसरकारी कार्यालयों/ लिमिटेड एवं भवनों पर ध्वजारोहण तथा संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण एवं राष्ट्रगान किया जायेगा।

जिलाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण दी सेण्ट्रल वार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट मुख्यालय केशवपुर सरपतहा में किया जायेगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में ध्वजारोहण एवं नेहरू बाल उद्यान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम एवं ध्वजारोहण जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा प्रातः 9:30 बजे पुलिस लाईन में परेड एवं ध्वजारोहण आदि किया जाएगा ।

समस्त शिक्षण संस्थाओं में इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिनमें राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' का सामूहिक गायन भी सम्मिलित हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाये और सशस्त्र सैन्यबलों के बलिदान को नमन करते हुये, देशभक्तों के जीवन के प्रेरक-प्रसंग दोहराये जायें, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। नाटक, विचार गोष्ठी तथा निबन्ध लेखन की प्रतियोगितायें भी यथासम्भव आयोजित करायी जायें।

11:30 से 12 बजे तक जिलाधिकारी द्वारा जिला



चिकित्सालय ज्ञानपुर में मरीजों को फल वितरण तथा जिला कारागार ज्ञानपुर में कैदियों को मिष्ठान एवं फल वितरण किया जाएगा ।

नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों में मलिन बस्तियों की सफाई नगर पालिका एवं नगर पंचायत के समन्वय से किया जायेगा तथा अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने नगर पंचायतों के किस-किस वार्डो में सफाई आदि का कार्यक्रम किया जायेगा चिन्हित कर अवगत कराये जाने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक विकासखण्डों के ग्रामों की सफाई एवं श्रमदान का कार्य खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा कराया जायेगा । खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सफाई हेतु एक-एक स्थान चिन्हित कर सूचित करायेगें। समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत अपने-अपने नगरों में सफाई का कार्य करायेगें ।

गणतन्त्र दिवस के अवसर पर 25 व 26 जनवरी की रात्रि में सरकारी / गैर सरकारी भवनों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर इमारतों को तिरंगा के रंगो से प्रकाशमान किया जायेगा जिनका प्रकाशमान अच्छा रहेगा उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। प्रकाश की व्यवस्था हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत को विद्युत आपूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित होगें तथा निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी इस पर्व पर होने वाले समारोह में अवश्य प्रतिभाग करेंगे।

बैठक में यह निर्देशित किया गया कि गणतंत्र दिवस के पूर्व ही सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी / अधिशासी अभियन्ता उक्त स्थानों / सड़कों को ठीक करा दे जिससे होकर उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे । अधिशासी अधिकारी / खण्ड विकास अधिकारीगण एवं समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे उक्त पर्व पर नगर / ग्रामों की सफाई व्यवस्था अवश्य सुनिश्चित करा लें।

# महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भदोही और कानपुर की शानदार जीत

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। सुरियावां क्षेत्र स्थित महर्षि आज़ाद स्टेडियम, मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेले गए, जिनमें पहले मुकाबले में मास्टर एकेडमी भदोही और सुल्तानपुर की टीमें आमने-सामने रहीं, जबकि दूसरे मैच में वाराणसी और कानपुर के बीच कड़ा संघर्ष हुआ।

पहले मैच में मास्टर एकेडमी भदोही की घातक गेंदबाजी के आगे सुल्तानपुर की पूरी टीम मात्र 43 रन (10.5 ओवर) पर सिमट गई। भदोही की ओर से गेंदबाज अश्विनी रावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मास्टर एकेडमी भदोही की टीम ने मात्र 5.4 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। वैभव ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 5 गेंदों में नाबाद 21 रन बनाकर टीम को 8 विकेट से शानदार जीत दिलाई।

दिन के दूसरे मुकाबले में वाराणसी और कानपुर की टीमें आमने-सामने रहीं। टॉस जीतकर वाराणसी के कप्तान ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 145 रन बनाए। कानपुर की ओर से दीपांशु ने 37 रन, अमन चौबे ने 21 रन तथा वेद प्रकाश ने नाबाद 22 रन की उपयोगी पारी खेली।



वाराणसी की ओर से गेंदबाजी में हरि ओम चौबे ने 3 विकेट और कप्तान अजीत भाई ने 2 विकेट लेकर रनगति पर अंकुश लगाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाराणसी की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन ही बना सकी। टीम की ओर से अनुभव जय प्रकाश सिंह ने 37 रन और करण पाल ने 22 रन का योगदान दिया। अंत में एम.आर. आर्यन पटेल (नाबाद 12) और अंश भारद्वाज (10) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। कानपुर की ओर से गेंदबाजी में आदित्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि राज सोनी ने 3 विकेट लेकर विपक्षी टीम को दबाव में रखा। इस तरह कानपुर की टीम ने 22 रनों से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता का अगला मैच आजाद स्पोर्ट्स क्लब बनाम एमआरसीसी विंध्याचल तथा सोनभद्र बनाम सेवा श्रम इंटर कॉलेज सुरियावां के बीच खेला जाएगा।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह, विजयशंकर राय, राजमणि पांडेय, राजकुमार सरोज, जेपी सिंह, रामजीत यादव, श्याम बहादुर यादव, दिनेश यादव 'दादा', परमेंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### जीवन बचाने की नई उम्मीद!

## भारत सरकार की कैशलेस दुर्घटना उपचार योजना पर थाने पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर की दिया गया प्रशिक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। भारत सरकार सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना लागू करने जा रही है, जिसके तहत हादसे में घायल व्यक्ति को 7 दिन तक 1.50 लाख का इलाज बिना एक रुपया दिए मिलेगा।

मुख्यमंत्री, उ0प्र0 की अध्यक्षता में उ0प्र0 राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की सम्पन्न समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 30.12.2025 में सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओ से प्रभावित व्यक्तियों की संख्या में त्वरित गति से कमी लाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने एवं एक सप्ताह के अन्दर कार्यशाला का आयोजन कराकर जनपद में गठित क्रिटिकल कॉरिडोर टीम (सीसी टीम) के पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। उक्त निर्देश के क्रम में जनपद भदोही के पुलिस लाइन्स, ज्ञानपुर स्थित सीसीटीएनएस कक्ष में जनपद की सभी के प्रभारीव कंप्यूटर ऑपरेटर को मय टीम के अंतर्गत उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण देकर उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए कैसे वह कार्य करेंगे व मेडिकल टीम के साथ फर्स्ट एड अन्य जानकारी देकर सीसी टीम को जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी व उसके पश्चात की कार्यवाही के उद्देश्य से उनके दायित्वों के बारे बताया गया। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं से प्रभावित व्यक्तियों की संख्या में त्वरित गति से कमी लाये/प्रभावी कार्यवाही किये जाने जाने हेतु जनपद के 03 थानों क्रमशः गोपीगंज, भदोही व औराई (क्रिटिकल पुलिस स्टेशन/क्रिटिकल कॉरिडोर) हेतु क्रिटिकल कॉरिडोर टीम (सीसी टीम) का गठन किया गया है, जिसके नोडल अधिकारी राजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात नियुक्त किया गया है।



# डीएम ने अभियोजन व कानून व्यवस्था संबंधी बैठक कर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

## सभी शराब अनुज्ञापी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरा अविलंब लगवाना करें सुनिश्चित-पुलिस अधीक्षक

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तार से की गई। बैठक में डीएम ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित समस्त सहायक अभियोजन अधिकारी व अपर शासकीय अधिवक्ता, अभियोजक को संबंधित मामलों के निष्पादन में तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा की पीड़ितों को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है, साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही करें। हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। डीएम ने डाटा को समय से फीड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एनकॉड सहित आबकारी, खनन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रवर्तन विभागों की समीक्षा बैठक में प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने एपीओ व शासकीय अधिवक्ताओं को पुलिस विवेचना में जो कमी या समस्या दर्शित हो उसे व्हाट्सएप पर डिटेल लिख दें, जिस पर उनके द्वारा त्वरित कार्रवाई कराया जाएगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि व्यक्ति को लगे चोटों की फोटो, वीडियो इत्यादि बना ले, जिससे चोट की गंभीरता व ग्रेविटी का स्पष्ट पता चल सके साथ ही उसको केस डायरी में भी अंकित करें।



पुलिस अधीक्षक ने जनपद में सभी शराब अनुज्ञापियों को निर्देशित किया कि दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरा अविलंब लगवाना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि भूमि निर्माण विवाद में व्यक्ति को समझाने व रोकने के बाद भी यदि निर्माण करता है तो धारा 151 में जेल में बंद करें।

जिलाधिकारी ने बैठक में महिला अपराधों व पाक्सों एक्ट से संबंधित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आपराधिक मामलों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने को न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के लिए अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए।

अभियोजन कार्यों व कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन की समीक्षा बैठक में अवैध असलहा, आबकारी अधिनियम, संवेदनशील धाराएं, गैंगेस्टर, मादक पदार्थो की तस्करी आदि बिन्दुओं पर विशेष बल दिया गया। साथ ही खाद्य एवं औषधि सुरक्षा, पीसीपीएनडीटी, आबकारी, वाणिज्य कर, बाट माप विभागों द्वारा किए प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, सीएमओ डॉ संतोष चक, पुलिस उपाधीक्षक अशोक मिश्रा, राजीव कुमार सिंह, समस्त थानाध्यक्ष, सहायक अभियोजन अधिकारी व अपर शासकीय अधिवक्ता व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# जनपद में निजी बस अड्डा स्थापना हेतु निवेशकों से मांगे आवेदन

भदोही।नगर पालिका भदोही/गोपीगंज सीमा क्षेत्र से 5 किमी के भीतर, न्यूनतम 2 एकड़ भूमि तथा 7 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क के किनारे जमीन रखने वाले निजी निवेशकों से बस अड्डा स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश स्टेज कैरिज, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क नीति-2025 के तहत जिलाधिकारी शैलेष कुमार के अनुमोदन के बाद शुरू की गई है।

नव स्थापित बस अड्डे में 70इ खुला क्षेत्र तथा 30इ भाग में यात्री सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, कैंटीन, सुरक्षा एवं प्रकाश व्यवस्था शामिल होंगी।

आवेदन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीड़ा) कार्यालय में किए जा सकते हैं। एआरटीओ राम सिंह ने बताया कि अधिक जानकारी हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, भदोही कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# अवैध खनन पर सख्ती, दो ट्रैक्टर सीज, पहले जेसीबी पर दर्ज हो चुका है मुकदमा

भदोही। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चौकी मोढ़ एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने थाना भदोही क्षेत्र में अवैध खनन के मामलों पर प्रभावी कार्रवाई की।

दिनांक 15 जनवरी को ग्राम डुहिया में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर मौके से एक जेसीबी वाहन कब्जे में लेकर जेसीबी मालिक संजय दुबे के विरुद्ध थाना भदोही में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी अभियान के तहत 19 जनवरी को ग्राम मकनपुर की राजस्व भूमि पर अवैध मिट्टी खनन करते हुए मिट्टी से भरी ट्राली सहित दो ट्रैक्टर वाहन पकड़े गए। पकड़े गए ट्रैक्टर अश्वनी कुमार दुबे व विजय सरोज के बताए गए हैं, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर सीज कर दिया है।

# फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में बड़ी कार्रवाई, पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा गैंग के सदस्य पर मुकदमा

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही।उत्तर प्रदेश सरकार की संगठित अपराध की रीढ़ पर प्रहार नीति के तहत भदोही पुलिस व प्रशासन द्वारा संगठित एवं पेशेवर अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य आशीष मिश्रा के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जन्मतिथि में हेराफेरी कर फर्जी तरीके से दो शस्त्र लाइसेंस निर्गत करा लिए थे। जांच में अभियुक्त के शैक्षिक अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों पर जन्मतिथि में विसंगतियां पाई गईं।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में थाना गोपीगंज पर अभियुक्त के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संगठित अपराध से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# श्रम प्रवर्तन अधिकारी व थाना एएचटी द्वारा बाल श्रम पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की छापेमारी

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार, बाल श्रम उन्मूलन एवं मानव तस्करी रोकथाम के उद्देश्य से आज दिनांक 20.01.2026 को भदोही जिले के सर्रोई क्षेत्र स्थित विभिन्न कालीन बुनाई केंद्रों/कारखानों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया।इस संयुक्त छापेमारी अभियान का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी, भदोही एवं प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की पुलिस टीम ने किया। टीम ने सर्रोई के प्रमुख कालीन बुनाई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया तथा बाल एवं किशोर श्रमिकों के संभावित शोषण/रोजगार की स्थिति का गहन सत्यापन किया। अभियान के दौरान किसी भी कालीन बुनाई केंद्र/प्रतिष्ठान में बाल श्रमिक (14 वर्ष से कम आयु) या किशोर श्रमिक को कार्यरत अवस्था में नहीं पाये गये। प्रतिष्ठानों के मालिकों/प्रबंधकों द्वारा श्रम नियमों का पालन करने एवं बाल श्रम न करने का आश्वासन दिया गया।

जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा बाल श्रम के पूर्ण उन्मूलन हेतु लगातार सतर्कता एवं सघन जांच अभियान जारी रखा जाएगा। यह अभियान बाल अधिकारों की रक्षा एवं श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।



# एसडीएम ने 12 अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती 452 बूथों पर चलेगा सत्यापन अभियान

सिद्धार्थनगर। जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत मतदाता सूची को शत-प्रतिशत सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए शोहरतगढ़ में 'विशेष गहन पुनरीक्षण' एसआईआर (एेंं) अभियान को तेज कर दिया गया है। इस अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ में डेटा विसंगतियों वाले 62, 723 मतदाताओं की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रशासन ने 12 अतिरिक्त अधिकारियों की विशेष तैनाती की है।एसडीएम कार्यालय के अनुसार जांच के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें तकनीकी सुधार या भौतिक सत्यापन आवश्यक है। इनमें एक ही व्यक्ति का नाम दो बार दर्ज होना डीएसई(अएीं), फोटो और उम्र में अंतर, एक ही पते पर असामान्य रुप से अधिक मतदाता क्षेत्र छोड़ चुके या मृत मतदाताओं के नाम तथा अपूर्ण या अस्पष्ट डेटा शामिल हैं। इन सभी कमियों को दूर करने के लिए संबंधित मतदाताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं।शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुल 452 मतदान बूथों पर यह अभियान चलाया जाएगा। औसतन प्रत्येक बूथ पर लगभग 138 मतदाताओं का सत्यापन बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा किया जाएगा।प्रशासन ने कार्य की निगरानी के लिए विभिन्न ब्लॉक और तहसील स्तर पर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। विकास खण्ड बढ़नी में अरुण कुमार बीईओ, रविन्द्र कुमार यादव सीडीपीओ (ण्उइ्ध), राणा प्रताप सिंह और उमेश चौधरी को तैनात किया गया है।वहीं एसआईआर में विकास खण्ड शोहरतगढ़ में चंद्र भूषण तिवारी बीडीओ, संजय कुमार बीईओ और बब्बू आजाद को जिम्मेदारी दी गई है।तहसील स्तर पर प्रकाश सिंह तहसीलदार, महबूब अंसारी नायब तहसीलदार, सतीश चंद्र, अमर बहादुर और मालविका जैसल अभियान की निगरानी करेंगे। उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा ने बताया कि सत्यापन से संबंधित सुनवाई प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक तहसील शोहरतगढ़ और संबंधित केंद्रों पर की जाएगी। मतदाताओं को आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र या निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य 11 दस्तावेजों में से कोई एक साथ लाना अनिवार्य होगा।इसके साथ ही उन्होंने बताया कि नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 और त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जाएगा। और उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की है कि बीएलओ के घर आने पर या नोटिस मिलने पर सहयोग करें ताकि एक स्वच्छ और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके।



# खेल प्रतिभाओं को मंच देने का सराहनीय प्रयास : कन्हैया पासवान

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिलें के विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुचुइया टोला नडौरा गांव के मैदान में आयोजित नडौरा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार को खेला गया। फाइनल मुकाबले में किंग एलेवेन नड़ौरा ने जहीर एलेवेन अलीगढ़वा को करारी शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम की।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जहीर एलेवेन अलीगढ़वा की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाए। टीम की ओर से रिंकू पाल ने शानदार 31 रनों की पारी खेलकर दर्शकों का दिल जीत लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग एलेवेन नड़ौरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 8 ओवर में 6विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। विजेता टीम की ओर से आमिर ने 29 रन, जबकि कृष्णा यादव उर्फ छोटू ने 19 रन बनाने के साथ ही 3 विकेट झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए कृष्णा यादव उर्फ छोटू को मैन ऑफ द मैच चुना गया।मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। वहीं उपविजेता टीम जहीर एलेवेन अलीगढ़वा के कप्तान जहीर को ट्रॉफी के साथ ?8000 नकद पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम किंग एलेवेन नड़ौरा के कप्तान अमित उपाध्याय को ट्रॉफी के साथ ?16000 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपार खेल प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होता है। उन्होंने युवाओं से हार-जीत की परवाह किए बिना खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।टूर्नामेंट के आयोजक अंशिका फर्टिलाइजर एंड ट्रेडर्स के प्रोपराइटर विवेक उपाध्याय एवं संजय मिश्रा रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा, संतोष पासवान, थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, शिवशक्ति शर्मा, राकेश तिवारी, अनिल कुमार श्रीवास्तव, मुस्तन शेरुल्लाह, कमलेश मिश्रा, राकेश राज, श्रवण कुमार पटवा, अरुण उपाध्याय, प्रकाश उर्फ चिंटू, राकेश बाबा, अमित उपाध्याय, श्रवण कुमार उपाध्याय, राजकुमार उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, अश्विनी मिश्रा, कुबेर नाथ उपाध्याय, कालीचरन, अर्जुन शर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



कमेटी अध्यक्ष अमित उपाध्याय, उपाध्यक्ष गोलू उपाध्याय एवं कमेटी सदस्य संदीप, निखिल, निलेश, रुपेश त्रिपाठी, स्कंद, सुंदरम, साईराज, कालीचरन, इन्द्रजीत सहित अन्य सदस्यों ने सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मजबूत मंच प्रदान करेगा।

# खुनुवां बॉर्डर पर एसएसबी की कार्रवाई से व्यापारियों में आक्रोश, व्यापार संगठन ने आंदोलन की दी चेतावनी

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित खुनुवां बॉर्डर पर तैनात एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) द्वारा किए जा रहे नए प्रयोगों और कथित मनमानी कार्रवाई को लेकर स्थानीय व्यापारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने इसे व्यापारियों का उत्पीड़न बताते हुए जिला प्रशासन व उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है।

व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार की रात अचानक एसएसबी द्वारा पूर्व में स्थापित स्थायी चेक पोस्ट को उत्तर से दक्षिण दिशा में पूरे कस्बे तक विस्तारित कर दिया गया, जिससे व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। जब इस संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली गई तो 'ऊपर से आदेश' का हवाला दिया गया। व्यापारियों का कहना है कि यदि यह आदेश है तो अन्य भारत-नेपाल सीमाओं पर इसे लागू क्यों नहीं किया गया।इसके अलावा, बीते कुछ सप्ताह से खुनुवां कस्बे में नो मेंस लैंड से मुख्य मार्ग के दोनों ओर स्थित आवासीय मकानों और दुकानों को 110 मीटर तक खाली कराने की प्रक्रिया को लेकर भी भय और असमंजस का माहौल है।एसएसबी द्वारा मकान मालिकों के नाम, पता, मोबाइल नंबर और सर्किल रेट के आधार पर संपत्ति विवरण की सूची बनाए जाने से लोगों में दहशत फैल गई है। व्यापार संगठन ने इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने के लिए उच्चाधिकारियों से संवाद स्थापित करने की मांग की है।वहीं खुनुवा सीमा चौकी पर तैनात जवानों द्वारा आधार कार्ड की फोटो कॉपी अथवा मोबाइल में मौजूद फोटो को मान्य न करने पर भी लोगों में नाराजगी है। केवल डिजिलॉकर या मूल दस्तावेज की अनिवार्यता के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों और भारत-नेपाल के पारिवारिक रिश्तों वाले लोगों को आवाजाही में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।व्यापार संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन सड़क से संसद तक आंदोलन करने को बाध्य होगा। संगठन ने प्रशासन से जनहित में त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन खुनुवा अध्यक्ष रविन्द्र कुमार कसौधन, महमंत्री सचमुच त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष प्रभूदयाल कसौधन, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा, अनिल सिंह, अनिल गुप्ता, जगदम्बा प्रसाद कसौधन, कृष्ण कुमार मिश्र, रामनेवास कसौधन, संतोष कसौधन, रवि तिवारी, कृपा शंकर, अब्दुल कलाम, विनोद कुमार, सुनील कसौधन, स्वामी नाथ, बिहारी, राधेश्याम, अजोरमती, रिंकू, अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहें।



# महिलाओं को जागरूक करने के लिए पुलिस ने लगाया चौपाल

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, रोहिनी यादव क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन मे तथा अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना खेसरहा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम केशवार में जन चौपाल का आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया गया तथा महिलाए व बलिकाए आदि लोग उपस्थित थे, जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानून व नए कानून के बारे मे जानकारी दी गई तथा वहां उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत उप निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद मौर्या, उप निरीक्षक जियाउल्लाह , हेड कांस्टेबल सत्येंद्र सिंह, महिला कांस्टेबल संगीता की टीम ने किया जागरुक।



# बैंक मैनेजर के साथ साइबर फ्राड व उससे बचाव तथा आपसी सहयोग के संबंध में गोष्ठी

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के बुद्धा काम्प्लेक्स पुलिस लाइन प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जनपद के सभी प्रमुख बैंकों के मैनेजरों के साथ साइबर फ्रॉड से बचाव एवं आपसी सहयोग के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु बैंकिंग प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, संदिग्ध लेन-देन पर तत्काल सूचना आदान-प्रदान, मनी म्यूल खातों (फर्जी बैंक खातों) की पहचान एवं रोकथाम, होल्ड राशि वाले मामलों में न्यायालय के आदेशों का शीघ्र अनुपालन, जन जागरूकता अभियान में बैंकों की सक्रिय भूमिका । अपर पुलिस अधीक्षक ने बैंक मैनेजरों को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर फ्रॉड के अपराधियों को पकड़ने में बैंकों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी संदिग्ध ट्रांजेक्शन पर विलंब न करते हुए तुरंत पुलिस को सूचित करें । साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 का व्यापक प्रचार-प्रसार करें । सीसीटीवी/अलार्म सिस्टम की नियमित जांच करें । सभी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया । जिले को साइबर फ्रॉड मुक्त बनाने के लिए पुलिस-बैंक समन्वय को और मजबूत किया जाएगा ।



# राम राम दंगल में उड़ा जन सैलाब पहलवानों ने दिखाई अपनी ताकत

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज स्थित राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में मौनी अमावस्या पर लगने वाले मेले में धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में दो दिवसीय राम राम कुश्ती दंगल के दूसरे दिन पहलवानों ने अपनी ताकत की आजमाइश की। आयोजित दंगल के दूसरे दिन नेपाल, भूटान राष्ट्र सहित कई प्रदेशों से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेंच दिखाए। दंगल में पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी दी। दंगल देखने के लिया हजारों हजार की संख्या में भीड़ जुटी रही। इस वर्ष दंगल में विभिन्न जगहों के 56 से अधिक पहलवानों ने ताल ठोक कर अपना दमखम दिखाया। पहले व दूसरे दिन के दंगल में 1100 रुपये से लेकर 21000 रुपए तक की 72 से अधिक कुश्तियां करवाई गई। जहां विजेता पहलवानों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। वही आए हुए डीआईजी संजीव त्यागी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन का हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी व पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह व दीपेंद्र विक्रम सिंह के साथ आकाश प्रताप सिंह द्वारा मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। दंगल के दूसरे दिन महामुकाबले का आयोजन हुआ, विजयी हुए पहलवानों के बीच 16 कुश्ती हुई, जिसमें विजई पहलवानों के बीच क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल और फाइनल कुश्ती मुकाबला हुआ, जिसमें फाइनल विजेता नरेश पहलवान को राम राम केसरी की उपाधि व 21 हजार रुपए का नगद राशि, गदा व मोमेंटो तथा उपविजेता सर्वेश तिवारी पहलवान को 51 सौ रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। कुश्ती दंगल के आयोजन में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर दशरथ चौधरी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा, मकसूदन अग्रहरी, अनिल सिंह , छोटे पांडे, धर्मराज वर्मा, चंद्र प्रकाश चौधरी, शत्रुहन सोनी, हरीश पाण्डेय, प्रेम नारायण दुबे, अजय अग्रहरि, महंत मिश्रा के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी के साथ कुश्ती दंगल प्रेमियों की लगी भीड़।



# हार्दिक पंड्या का वीडियो मैसेज देख भावुक हुई आरसीबी स्टार गौतमी नाइक

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की उभरती हुई स्टार बल्लेबाज़ गौतमी नाइक को उनके क्रिकेटिंग आइडल हार्दिक पंड्या से ऐसा सरप्राइज मिला, जिसे वह जिंदगी भर नहीं भूलेंगी। गुजरात जायंट्स के खिलाफ आरसीबी की जीत के बाद गौतमी को हार्दिक पंड्या का एक खास वीडियो मैसेज दिखाया गया, जिसने उन्हें भावुक कर दिया।

सोमवार को खेले गए डब्ल्यूपीएल 2026 मुकाबले में आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ आरसीबी का अपराजेय अभियान पांच मैचों तक पहुंच गया। मैच के बाद गौतमी नाइक ने खुलासा किया कि वह भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को अपना आदर्श मानती हैं और उन्हीं की तरह दबाव में शांत रहकर प्रदर्शन करना चाहती हैं।

डब्ल्यूपीएल द्वारा साझा किए गए वीडियो में गौतमी ने कहा, 'मेरे क्रिकेटिंग आइडल हार्दिक पंड्या हैं। मैं उनकी तरह खेलना चाहती हूं। दबाव की परिस्थितियों में वह जिस तरह शांत रहते हैं, वह मुझे बहुत प्रेरित करता है। मेरा स्वभाव भी वैसा ही है और मैं टीम के लिए उसी तरह योगदान देना चाहती हूं।'

इसी दौरान गौतमी को एक फोन दिया गया, जिसमें हार्दिक पंड्या का वीडियो मैसेज था। पंड्या ने कहा, 'हाय गौतमी, हार्दिक यहां। मुझे पता चला कि मैं तुम्हारा क्रिकेटिंग आइडल हूं। यह जानकर बहुत अच्छा लगा कि मैं युवा खिलाड़ियों को प्रेरित कर पा रहा हूं। तुम्हारी पहली फिफ्टी के लिए बहुत-बहुत बधाई। खेल का आनंद लो, अनुशासित रहो और आगे चलकर अपने फ्रेंचाइज़ी और देश के लिए शानदार प्रदर्शन करो।'




वीडियो देखने के बाद गौतमी अपनी भावनाएं रोक नहीं पाईं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ा पल है। मैंने कभी सोचा नहीं था कि ऐसा कुछ होगा। वह मेरे आइडल हैं और उनसे मैसेज मिलना मेरे लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं। मैं उनसे मिलना चाहती हूं और उनके जैसा खिलाड़ी बनना चाहती हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'हार्दिक सर, मैं आपकी बहुत बड़ी फैन हूं। कृपया मुझे ऐसे ही प्रोत्साहित करते रहें। टी20 वर्ल्ड कप के लिए आपको ढेरों शुभकामनाएं, उम्मीद है आप भारत को वर्ल्ड कप जिताएंगे।'

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज की संघर्षपूर्ण जीत, शेल्टन भी आगे बढ़े

मेलबर्न **(एजेंसी)**। मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज ने शुरुआत में संघर्ष करने के बाद शानदार वापसी करके मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग में बेन शेल्टन भी आगे बढ़ने में सफल रहे। नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा को 7-6 (6), 6-1 से हराया। अपने 50वें ग्रैंड स्लैम मैच में खेल रही कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला टाईब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही ओलिन्यकोवा ने टाईब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट प्वाइंट के मौकों को भुनाने में असफल रही।

कीज ने कहा, 'मैच की शुरुआत में थोड़ी नर्वस हो गई थी। मैं जितनी नर्वस थी उसे देखते हुए वापसी करना और जीत हासिल करना शानदार रहा।' कीज ने ओलिन्यकोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया।

इस बीच महिला वर्ग में सुबह के सत्र में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टजेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 (1) से और चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट को 6-4, 6-4 से हराया। पूर्व अमेरकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस भी पहले दौर में कैरोलिना प्लिस्कोवा से 7-6 (7), 6-2 से हार गई। वर्ष 2017 में अमेरिकी ओपन जीतने वाली स्टीफंस ने इस साल क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। बाएं हाथ से खेलने वाले खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के यूगो हंबर्ट को 6-3, 7-6 (2), 7-6 (5) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।



पुरुष वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन पिछले साल में टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन के चौथे सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंच गए। बेल्जियम के खिलाड़ी ने कथित तौर पर ऐंठन और चक्कर आने के कारण मैच बीच में ही छोड़ दिया। उस समय मुसेट्टी 4-6, 7-6 (3), 7-5, 3-2 से आगे चल रहे थे।

# लोढ़ा डेवलपर्स का महाराष्ट्र में मेगा डेटा सेंटर दांव, 1 लाख करोड़ का अतिरिक्त निवेश

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। रियल एस्टेट कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड ने महाराष्ट्र में डेटा सेंटर पार्क के निर्माण के लिए 1 लाख करोड़ के अतिरिक्त निवेश को लेकर राज्य सरकार के साथ प्रारंभिक समझौता किया है। इसके साथ ही कंपनी की कुल निवेश प्रतिबद्धता 1.3 लाख करोड़ तक पहुंच गई है।

कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह नया समझौता 19 जनवरी को दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच के इतर, लोढ़ा डेवलपर्स के एमडी एवं सीईओ अभिषेक लोढ़ा और महाराष्ट्र सरकार के बीच हुआ।

गौरतलब है कि लोढ़ा डेवलपर्स ने इससे पहले सितंबर 2025 में राज्य सरकार के साथ 30, 000 करोड़ के निवेश को लेकर एमओयू साइन किया था, जो महाराष्ट्र की ग्रीन इंटीग्रेटेड डेटा सेंटर पार्क नीति के तहत था।

कंपनी के अनुसार, करीब 2.5 गीगावाट क्षमता वाले इस डेटा सेंटर पार्क के पूरी तरह विकसित होने पर यह देश का सबसे बड़ा डेटा सेंटर पार्क होगा। इस परियोजना से 16, 000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इस पार्क में कई प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां अपने डेटा सेंटर स्थापित कर सकेंगी। अमेजन पहले ही यहां अपने डेटा सेंटर के लिए जमीन खरीद चुका है और अगले 15 वर्षों के लिए बिजली की व्यवस्था भी कर ली है। वहीं, सिंगापुर की एऊऊ ग्लोबल डेटा सेंटर्स ने भी परियोजना में भूखंड खरीदा है।



लोढ़ा डेवलपर्स इच्छुक कंपनियों के लिए डेवलपर की भूमिका निभाएगी। अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से यह निवेश राज्य के आर्थिक विकास और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाई देगा।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र सरकार ने विश्व आर्थिक मंच के पहले दिन ही 14.5 लाख करोड़ के निवेश से जुड़े 19 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनसे 15 लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है।

## स्टीव स्मिथ ने टी20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर किए जाने पर तोड़ी चुप्पी, बड़े प्लान का किया खुलासा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। बिग बैश लीग (बीबीएल) 2025-26 में शानदार फॉर्म में चल रहे स्टीव स्मिथ दो साल से ज्यादा समय से ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20आई मैच नहीं खेला है और टी20 वर्ल्ड कप 2026 टीम का भी हिस्सा नहीं हैं। एक शतक और एक अर्धशतक के साथ अपनी टीम सिडनी सिक्सर्स को टॉप दो में पहुंचाने में मदद करने वाले स्मिथ ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

स्मिथ ने कहा, 'मैं हमेशा बड़े टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना चाहता हूं। लेकिन मुझे लगता है कि वह मौका (टी20 वर्ल्ड कप) अब हाथ से निकल गया है। मुझे लगता है कि उनके पास दो ओपनिंग बल्लेबाज हैं जो काफी अच्छा कर रहे हैं। मैं यहां जो कर सकता हूं, वह करके खुश हूं और मजे कर रहा हूं।'



स्मिथ ने बिग बैश में ओपनर के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपने पिछले छह मैचों में लगभग 180 के स्ट्राइक-रेट से 346 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। हालांकि जब टी20 फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने की बात आती है, तो स्मिथ ने एक अलग लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा, 'मेरा मुख्य लक्ष्य, जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, जब ओलंपिक होंगे तब टीम में जगह बनाना है। मैं ऐसा करना चाहूंगा। यह बहुत अच्छा होगा। मैं जो कर रहा हूं, वह करता रहूंगा और आप कभी नहीं जानते कब क्या हो जाए।'

# चीनी उत्पादन जनवरी के मध्य तक 22 प्रतिशत बढ़कर 159 लाख टन : इस्मा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर पैदावार के चलते भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 सत्र में 15 जनवरी तक सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 1.59 करोड़ टन हो गया है। उद्योग संगठन इस्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय चीनी एवं बायो-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने एक बयान में कहा कि पिछले साल इसी अवधि में उत्पादन 1.3 करोड़ टन था। इस साल 15 जनवरी तक लगभग 518 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 500 थी।

देश में चीनी का सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में उत्पादन सालाना आधार पर 42.7 लाख टन से 51 प्रतिशत बढ़कर 64.5 लाख टन हो गया। उत्तर प्रदेश में उत्पादन 42.8 लाख टन से बढ़कर 46 लाख टन हो गया। कर्नाटक का उत्पादन सालाना आधार पर 27.5 लाख टन से बढ़कर 31 लाख टन हो गया। इस्मा ने कहा, ''गन्ने की पर्याप्त उपलब्धता, बेहतर पैदावार और प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में सुचारू कामकाज के कारण 2025-26 के सत्र में भारत के चीनी क्षेत्र ने अब तक स्थिर प्रगति की है।''

हालांकि, उद्योग निकाय ने चेतावनी दी कि गन्ने की बढ़ती कीमतों और चीनी की कीमतों में गिरावट से मिलों की वित्तीय स्थिति खराब हो रही है और किसानों को गन्ने के भुगतान में देरी हो रही है। इस्मा ने बताया कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में मिलों से निकलने वाली चीनी की कीमतें गिरकर लगभग 3, 550 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गई हैं, जो उत्पादन लागत से काफी कम है। संस्था ने कहा कि चीनी का भंडार बढ़ रहा है, और संकेत मिल रहे हैं कि गन्ने के भुगतान का बकाया बढ़ना शुरू हो गया है। अगर मौजूदा हालात बने रहे तो यह और बढ़ सकता है। इस्मा ने वित्तीय स्थिरता बहाल करने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) में जल्द संशोधन की मांग की है।



## सिनर ने खिताबी हैट्रिक अभियान की सकारात्मक शुरुआत की

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बनाई जगह

मेलबर्न **(एजेंसी)**। मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर ने अपने खिताब बचाने के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। सिनर ने रॉड लेवर एरिना पर सिर्फ तीन गेम गंवाए और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय बिताकर खिताबी हैट्रिक पूरा करने के अपने अभियान की शुरुआत की। विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर जब 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, तभी ह्यूगो गैस्टन ने अचानक एक अज्ञात चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया।

सिनर ने कहा, 'मैंने देखा कि वह दूसरे सेट में बहुत तेज गति से सर्व नहीं कर रहा था लेकिन मैं इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहता था।' सिनर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार तीन बार चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।



# एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स 2026 में भारत छठे पायदान पर, चीन शीर्ष पर कायम

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। एशिया में मैन्युफैक्चरिंग की दौड़ में भारत को अपनी गति और तेज करनी होगी। हाल में जारी एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स (एएमआई) 2026 के मुताबिक भारत 11 एशियाई देशों के बीच छठे स्थान पर बना हुआ है। यह सूचकांक बताता है कि मजबूत बुनियादी आर्थिक आधार के बावजूद भारत अभी कई मोर्चों पर अपने प्रमुख एशियाई प्रतिस्पर्धियों से पीछे है।

हॉन्ग कॉन्ग स्थित सलाहकार फर्म डेजन शिरा ऐंड एसोसिएट्स द्वारा लगातार तीसरे साल जारी की गई इस सूची में चीन ने एक बार फिर शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। मलेशिया ने बड़ा उलटफेर करते हुए वियतनाम को पछाड़कर दूसरी पोजिशन हासिल की है, जबकि वियतनाम फिसलकर तीसरे स्थान पर आ गया है।

विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सिंगापुर ने एक पायदान की छलांग लगाकर चौथा स्थान हासिल किया है और दक्षिण कोरिया को पीछे छोड़ दिया है, जो अब पांचवें नंबर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक ये बदलाव एशियाई क्षेत्र में बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग प्रतिस्पर्धा को दर्शाते हैं।

सूची में भारत के बाद इंडोनेशिया सातवें पायदान पर है। थाईलैंड ने दो पायदान की छलांग लगाकर आठवां स्थान हासिल किया है। जापान नौवें और फिलीपींस दसवें स्थान पर हैं, जबकि बांग्लादेश 11 देशों में आखिरी पायदान पर है।

एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स में अर्थव्यवस्था, राजनीतिक जोखिम, व्यापार माहौल, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, कर नीति, बुनियादी ढांचा, कार्यबल और नवाचार–इन आठ प्रमुख स्तंभों के साथ 43 उप-मापदंडों के आधार पर देशों का मूल्यांकन किया गया है। 100 अंकों के पैमाने पर ज्यादा अंक बेहतर प्रदर्शन का संकेत देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत एक अनोखी स्थिति में है–एक ओर विशाल घरेलू बाजार और नीतिगत सुधारों की तेज रफ्तार, तो दूसरी ओर बुनियादी ढांचा, लॉजिस्टिक्स और प्रशासनिक जटिलताओं जैसी पुरानी चुनौतियां। हालांकि छठा स्थान भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद को दर्शाता है, लेकिन ये बाधाएं मैन्युफैक्चरिंग प्रतिस्पर्धात्मकता पर दबाव बना रही हैं।



रिपोर्ट में भारत की आर्थिक मजबूती को रेखांकित किया गया है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था के लिहाज से भारत तीसरे स्थान पर है और आर्थिक वृद्धि के मामले में उसे सबसे ज्यादा अंक मिले हैं। आर्थिक पैमाने के लिहाज से भी भारत केवल चीन से पीछे दूसरे स्थान पर है।

कार्यबल की मजबूती भारत की बड़ी ताकत के रूप में सामने आई है। श्रम बल के आकार, जनसांख्यिकी, श्रम लागत और शिक्षा जैसे मानकों पर भारत 11 देशों में पहले स्थान पर रहा है। बुनियादी ढांचे में भारत चौथे और नवाचार में पांचवें पायदान पर है, जहां सरकार के प्रयासों से आगे और सुधार की उम्मीद जताई गई है।

## ग्लोबल टेंशन से शेयर बाजार लाल, दो दिन में निवेशकों के डूबे 11.50 लाख करोड़

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकी और फ्रांस द्वारा पीस बोर्ड में शामिल होने से इनकार के चलते एक बार फिर वैश्विक शेयर बाजारों में हाहाकार मच गया है। इस वैश्विक उथल-पुथल का सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर भी देखने को मिला। मंगलवार को सेंसेक्स 1065.71 की गिरावट के साथ 82, 180.47 पर बंद हुआ। लगातार दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स कुल मिलाकर 1, 300 अंकों से अधिक टूट चुका है। वहीं निफ्टी 50 में 353 अंकों की गिरावट आई। इस गिरावट के साथ निफ्टी 25, 232.50 अंक पर बंद हुआ। इस भारी गिरावट के चलते मंगलवार को ही निवेशकों के करीब 9 लाख करोड़ रुपए डूब गए, जबकि दो दिनों में कुल नुकसान 11.50 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया।

शेयर बाजार में आई गिरावट से निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ है। बीएसई का कुल मार्केट कैप सोमवार के 4, 65, 68, 777 करोड़ रुपए से घटकर मंगलवार को 4, 57, 15, 068 करोड़ रुपए रह गया यानी एक ही दिन में निवेशकों को करीब 9, 02, 669 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं दो दिनों की गिरावट में निवेशकों की कुल चपत 11.50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा पहुंच चुकी है।



# नेहा कक्कड़का 'सन्यास'! काम और रिश्तों से तोड़ा नाता फिर पोस्ट डिलीट कर सोशल मीडिया पर मचाया हड़कंप

बॉलीवुड की 'हिट मशीन' कही जाने वाली नेहा कक्कड़ एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई नया गाना नहीं बल्कि उनका एक रहस्यमयी सोशल मीडिया पोस्ट है। सोमवार दोपहर नेहा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो ऐसी पोस्ट साझा कीं, जिनसे उनके मानसिक स्वास्थ्य और वैवाहिक जीवन को लेकर कयासों का बाजार गर्म हो गया है।

नेहा कक्कड़ ने सोमवार, 19 जनवरी 2026 को अपने करोड़ों प्रशंसकों को उस वक्त गहरे सदमे और चिंता में डाल दिया, जब उन्होंने इंस्टाग्राम पर दो बेहद भावुक और रहस्यमयी पोस्ट साझा किए। हालांकि, ये पोस्ट शेयर करने के कुछ ही मिनटों बाद डिलीट कर दिए गए, लेकिन तब तक इनके स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल चुके थे। उन्होंने ऐलान किया कि वह 'जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम' से ब्रेक ले रही हैं, और उन्हें पक्का नहीं है कि वह वापस आएंगी या नहीं। कैंडी शॉप सिंगर ने पैप्स से यह भी रिक्वेस्ट की कि वे उनका पीछा न करें। क्योंकि कोई वजह नहीं बताई गई थी, इसलिए परेशान फैंस सोच रहे थे कि इन पोस्ट की वजह क्या हो सकती है।

नेहा कक्कड़ ने इंस्टाग्राम पर दो पोस्ट शेयर कीं, जिससे उनके फैंस परेशान हो गए। अपनी पहली स्टोरी में, उन्होंने लिखा, 'अब जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम और हर उस चीज़ से ब्रेक लेने का समय है जिसके बारे में मैं अभी सोच सकती हूं। पक्का नहीं कि मैं वापस आऊंगी या नहीं। धन्यवाद।'

दूसरी पोस्ट में, उन्होंने लिखा, 'और मैं पैपराज़ी और फैंस से रिक्वेस्ट करती हूं कि वे मुझे बिल्कुल भी शूट न करें। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी प्राइवेसी का सम्मान करेंगे और मुझे इस दुनिया में आज़ादी से जीने देंगे। कोई कैमरा नहीं, प्लीज़। मैं रिक्वेस्ट करती हूं। यह कम से कम आप सब मेरी शांति के लिए कर सकते हैं।'



टोनी कक्कड़ द्वारा कंपोज़, लिखा और प्रोड्यूस किए गए कैंडी शॉप में टोनी और नेहा कक्कड़ दोनों की आवाज़ें थीं। यह गाना 15 दिसंबर, 2025 को रिलीज़ हुआ और सोशल मीडिया पर तेज़ी से पॉपुलर हो गया। हालांकि, इसे भारी आलोचना का सामना करना पड़ा। कई सुनने वालों ने ट्रैक को घटिया बताया, जबकि दूसरों ने इसके बोल और अजीब डांस मूव्स के लिए इसकी आलोचना की। गाने के लुक और फील को लेकर भी आलोचना हुई, कुछ नेटिज़न्स ने आरोप लगाया कि कैंडी शॉप ने के-पॉप एस्थेटिक्स से बहुत ज़्यादा कॉपी किया है। हालांकि, यह कन्फर्म नहीं किया जा सकता कि नेहा की पोस्ट आलोचना का नतीजा हैं या नहीं।

# 'लव एंड वॉर' के सेट से लीक हुआ रणबीर कपूर और आलिया भट्ट लुक

बॉलीवुड का सबसे चहेते कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इन दिनों संजय लीला भंसाली की मच अवेटेड फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। 'ब्रह्मास्त्र' के बाद इस फिल्म में एक बार फिर दोनों साथ नजर आने वाले हैं। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल कि ये फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले ही फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं, जो अब इंटरनेट पर जंगल की आग की तरह फैल रही हैं।

'लव एंड वॉर' के सेट से लीक हुए रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के लुक की तस्वीरें ज़ूम टीवी के रेडिट अकाउंट पर शेयर की गई हैं। इन फोटोज में रणबीर और आलिया के साथ डायरेक्टर संजय लीला भंसाली और कोरियोग्राफर गणेश आचार्य भी नजर आ रहे हैं।

सामने आई पिक्चर्स में रणबीर कपूर ब्लू शर्ट और ब्लैक पैंट पहने हुए नजर आ रहे हैं। उनका लुक काफी अलग है, वो क्लीन शेव हैं और सिर्फ मूंछें रखे हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, आलिया भट्ट एक जंपसूट में दिखाई दे रही हैं और उनके बाल काफी फुले हुए दिख रहे हैं। दोनों का ये लुक पूराने दौरा के क्लासिक सिनेमा की याद दिलाता है।



लेकिन जैसे ही रणबीर कपूर और आलिया भट्ट का ये लुक सोशल मीडिया पर वायरल हुआ लोगों ने इस पर अपनी राय देनी शुरू कर दी। 'लव एंड वॉर' के सेट से लीक हुई इन तस्वीरों में सबसे ज्यादा चर्चा आलिया के हेयरस्टाइल की हो रही है। एक यूजर ने एक्ट्रेस के लुक को लेकर कमेंट करते हुए लिखा, 'क्या आलिया का विग जानबूझकर इतना अजीब और अलग दिखने वाला बनाया गया है?' तो वहीं कुछ लोग इसे फिल्म की टीम का पीआर स्टंट बता रहे हैं। एक यूजर ने चुटकी लेते हुए लिखा, 'भंसाली शायद रिलीज टलने की खबरों से इतने परेशा हैं कि, अब खुद ही तस्वीरें लीक करवा रहे हैं।' एक यूजर ने मजाक में लिखा, 'इस फिल्म का कुछ ज्यादा ही लीक नहीं हो रहा है? धीरे-धीरे ऐसे ही पूरी फिल्म दिखा दो।' एक अन्य ने लिखा, 'विग बिल्कुल ही बेमेल लग रही है।' ऐसे ही तमाम कमेंट्स लीक हुई तस्वीरों पर देखने को मिल रहे हैं।

हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि, रणबीर की दूसरी फिल्म 'रामायण' की वजह से 'लव एंड वॉर' को 2017 तक आगे बढ़ाया जा सकता है, लेकिन अब सूत्रों ने कंफर्म किया है कि, ये खबरें महज अफवाह हैं। फिल्म अपने तय समय यानी 2026 में ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी।